कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

**Hindi First Language**

# 4

## चौथी कक्षा

## Fourth Standard

©KTBS Not to be republished

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

# PREFACE

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi prepared which in turn are designed based on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 11 languages, seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS and 5$^{th}$ to 10$^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number special features and they are:

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge

The new books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach

The learner is encouraged to think, engage in activities, masters skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country India.

Language textbooks are designed to help learners master communicative competencies, excellent comprehension, meaningful expression and efficient reference skills.

©KTBS Not to be republished

English is studied by most students as the second language. Teachers have to keep in mind the three fundamental approaches based on which the readers have been designed and adapt their teaching methods and help learners master language skills and competencies and help them become excellent users of English.

Schools in Karnataka offer seven languages as media of instruction and eight as first languages and ten languages are offered as third language. The objective is to help the learners to use these languages efficiently at the communicative level. It is hoped that at least a cross section of learners achieve competencies to use these languages at the creative level.

Teachers are expected to adapt their teaching methods not to make these textbooks just feed materials for examinations, but help learners master language competencies such as communication, comprehension, expression in writing and necessary reference skills.

There is going to be a source book for teachers in Kannada 1st language, English 2nd language and Hindi 3rd language. Please make use of these source books and make teaching very effective.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board in helping the Text Book Society in producing these textbooks.

**Prof. G S Mudambadithaya**
Co-ordinator
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru.

**Nagendrakumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru.

©KTBS Not to be republished

# प्राक्कथन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्य-पुस्तक 'हिंदी सुमन' तैयार की गयी है। इस पाठ्य-पुस्तक में पठन के मुख्य उद्देश्यों - ज्ञानवृद्धि तथा मनोरंजन - को समान महत्व दिया गया है। इसमें भाषा-कौशलों, मौखिक अभिव्यक्ति एवं चिंतन की कुशलताओं को विकसित करने के साथ-साथ परियोजना, तालिका बनाना और उनका सही उपयोग करने की क्षमता बढ़ाने हेतु उपयुक्त दिशा-निर्देश भी दिये गये हैं। सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरक प्रसंग तथा आकर्षक चित्रों सहित पठन सामग्री को प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, सतत तथा व्यापक मूल्यांकन हेतु प्रश्न व रचनात्मक गतिविधियों पर बल दिया गया है।

'हिंदी सुमन' में कहानी, एकांकी, कविता, निबंध, जीवनी एवं पत्र आदि विधाओं से संबंधित पाठ संकलित हैं, जिससे भाषा में बच्चों की रुचि बढ़ सकती है और शब्द भंडार में वृद्धि हो सकती है । इस प्रयास में पाठों का चयन करते समय अनुभवी सदस्यों का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ है। उन सबके प्रति आभार प्रकट करते हुए आशा करती हूँ कि यह पुस्तक सम्यक् अध्ययन-अध्यापन के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

अध्यक्षा

पाठ्य-पुस्तक रचना समिति

©KTBS Not to be republished

# पाठ्यपुस्तक रचना समिति

**अध्यक्षा :**

**डॉ. एम. विमला,** प्रोफेसर एवं अध्यक्षा, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु.

**सदस्य :**

**श्रीमती पी. एम. शोभा,** जी. जे. सी., विश्वनाथपुरा, देवनहल्ली ता.

**डॉ. एन. श्रीरंगा,** सरकारी हाईस्कूल, श्रीरामनगर, हासन ता.

**डॉ. एस. विजी,** सरकारी हाईस्कूल, ओंटीकोप्पल, मैसूरु.

**श्रीमती सुजाता डी. वी.,** एन. जी. ई. एफ. ले आउट, नागरबावी 2nd स्टेज, बेंगलूरु.

**कलाकार :**

**श्री दाऊल साहेब,** संकेश्वर हाईस्कूल, लग्गेरे, बेंगलूरु .

**परिशीलक :**

**डॉ. ज्ञानम्,** निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान (मैसूरु शाखा), मैसूरु.

**संपादक:**

**डॉ. टी.जी. प्रभाशंकर प्रेमी,** पूर्व प्रोफेसर, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु.

**प्रधान संयोजक:**

**श्री जी.एस. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**सहायता और मार्गदर्शन:**

**श्री. नागेंद्रकुमार,** प्रबंध निदेशक ,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014-15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016-17ರ ಬದಲು 2017-18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

©KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ **(N.C.E.R.T)** ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ

©KTBS
Not to be republished

ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

**सर्वाध्यक्ष :**

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

**सहयोग :**

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-५६००८५

**श्रीमती. नागमणि सी,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**अध्यक्ष:**

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-५७०००५

**सदस्य :**

**श्रीमती. सुमा. एस. के,** विषय परिवीक्षिका (हिंदी) बेंगलूरु विभाग आयुक्तालय बेंगलूरु-५६० ००१

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) ७३८/४, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - २४

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पोंपै कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-५७४१४१

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, वोंटीकोप्पल, मैसूरु-५७००२०

**श्री. जी. एम. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-५६३१६१

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - ५७७१२६

**वासुदेवमूर्ति. एस,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, उद्बूरु, मैसूरु तालूक, मैसूरु जिला - ५७००२६.

**उन्नत परिशीलन समिति :**

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश बि. पवार,** अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकार:**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार कसलगेरे, मंड्या जिला.

**कार्यक्रम संयोजक :**

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | शीर्षक | विधा | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| १. | बढ़े चलो, बढ़े चलो | कविता | १ |
| २. | मूर्ख गधा | कहानी | ७ |
| ३. | गणतंत्र दिवस | निबंध | १४ |
| ४. | चिड़िया रानी | कविता | २० |
| ५. | आकाश नीला क्यों होता है? | निबंध | २४ |
| ६. | देशप्रेमी आज़ाद | कहानी | ३० |
| ७. | प्रेमपूर्ण आचरण करो | कविता | ३७ |
| ८. | मित्र के नाम पत्र | पत्र-लेखन | ४१ |
| ९. | श्री दत्तात्रेय रामचंद्र बेंद्रे | जीवनी | ४५ |
| १०. | तरबूजों का मौसम | कविता | ५१ |
| ११. | घंटियाँ | कहानी | ५५ |
| १२. | जनसंचार माध्यम | निबंध | ६४ |
| १३. | एक नन्हा टुकड़ा बादल का | कविता | ७१ |
| १४. | पहिए की आत्मकथा | आत्मकथा | ७५ |
| १५. | आग की लपटों में | कहानी | ८१ |
| १६. | कबीर के दोहे | दोहा | ८८ |
| १७. | कृष्ण - सुदामा | एकांकी | ९१ |



©KTBS Not to be republished

## पाठ - १

# बढ़े चलो, बढ़े चलो

- सोहनलाल द्विवेदी

**बच्चे हर परिस्थिति से अटल विश्वास के साथ जूझते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।**



हाथ एक शस्त्र हो,
न हाथ एक अस्त्र हो,
न अन्न और वस्त्र हो,
हटो नहीं, डरो नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

रहे समक्ष हिमशिखर,
तुम्हारा प्रण उठे निखर,
भले ही जाए जन बिखर,
रुको नहीं, झुको नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

© KTBS Not to be republished

घटा घिरी अटूट हो,
अधर में कालकूट हो,
वही सुधा का घूँट हो,
जिये चलो, मरे चलो, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

गगन उगलता आग हो,
छिड़ा मरण का राग हो,
लहू का अपने फाग हो,
अड़ो नहीं, गड़ो नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

चलो नई मिसाल हो,
जलो नई मिसाल हो,
बढ़ो नया कमाल हो,
झुको नहीं, रुको नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

अशेष रक्त तोल दो,
स्वतंत्रता का मोल दो,
कड़ी युगों की खोल दो,
डरो नहीं, मरो नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

****

**कवि परिचय :**



**सोहनलाल द्विवेदी :** सोहनलाल द्विवेदी का जन्म फतेहपुर जिले के बिंदकी गाँव में सन् १९०६ को हुआ था। उन्होंने हिंदी में एम.ए. किया तथा संस्कृत का भी अध्ययन किया। उन्होंने आजीवन निष्काम भाव से साहित्य सर्जना की। द्विवेदी जी गांधीवादी विचारधारा के प्रतिनिधि कवि हैं। ये अपनी राष्ट्रीय तथा

©KTBS Not to be republished

पौराणिक रचनाओं के लिए सम्मानित हुए। इनके मुख्य काव्य-संग्रह हैं- ‘भैरवी’, ‘वासवदत्ता’, ‘पूजागीत’,‘विषपान’ और ‘जय गांधी’। इनके कई बाल काव्य-संग्रह भी प्रकाशित हुए हैं। ये ‘पद्मश्री’ अलंकरण से भी सम्मानित हुए हैं।

**शब्दार्थ :**

अस्त्र-शस्त्र-हथियार, वस्त्र-कपड़ा, हटना-पीछे की ओर जाना, समक्ष-सामने, प्रण-प्रतिज्ञा, निखरना-साफ होना, बिखरना-फैल जाना, रुकना-ठहरना, घटा-बादल, घिरना-घेरा जाना, कालकूट-विष, सुधा-अमृत, घूँट-मुँह में एक बार में ली जानेवाली तरल पदार्थ की मात्रा, उगलना-बाहर निकालना, छिड़ना-शुरु होना, राग-प्रसन्न होने का भाव, मोह; लहू-रक्त, फाग-खेल, अड़ना-रुकना, गड़ना-स्थिर होना, मिसाल-उदाहरण, दृष्टांत; कमाल-चमत्कार, अशेष-संपूर्ण, तोल-माप, मोल-दाम, कड़ी-जंजीर का एक छल्ला जो जोड़ता है।

## अभ्यास

**I. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो :**

१) कवि क्या-क्या नहीं रहने पर भी आगे बढ़ने के लिए कहते हैं?

२) कवि कहाँ नहीं झुकने और रुकने के लिए कहते हैं?

३) कवि कब मर कर जीने के लिए कहते हैं?

४) कवि किसे खोलना चाहते हैं?

**II. नमूने के अनुसार रेखा खींचकर मिलाओ :**

| | |
|---|---|
| १. समक्ष → | जंजीर का छल्ला |
| २. प्रण | खेल |
| ३. लहू | सामने |
| ४. फाग | प्रतिज्ञा |
| ५. कड़ी | रक्त |

©KTBS Not to be republished

### III. आशय स्पष्ट करो :

१. हटो नहीं, डरो नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो ।

______________________________

______________________________

२. रुको नहीं, झुको नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

______________________________

______________________________

३. जिये चलो, मरे चलो, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

______________________________

______________________________

४. अड़ो नहीं, गड़ो नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

______________________________

______________________________

५. झुको नहीं, रुको नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

______________________________

______________________________

६. डरो नहीं, मरो नहीं, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

______________________________

______________________________

### IV. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण करो:

१. हाथ ______________________

______________________

______________________

______________________ बढ़े चलो।

©KTBS Not to be republished

२. ____________________________तोल दो,

__________________________________

__________________________________

________________________ बढ़े चलो।

**V. प्रत्येक शब्द के सामने उसके समान ध्वनिवाले शब्द लिखो:**

१. शस्त्र ______________ ______________

२. शिखर ______________ ______________

३. अटूट ______________ ______________

४. मिसाल ______________ ______________

५. आग ______________ ______________

६. तोल ______________ ______________

**VI. नमूने के अनुसार कविता की पंक्तियों को गद्‌य में लिखो:**

**जैसे : रहे समक्ष हिमशिखर**

**सामने हिमशिखर हो।**

१) भले ही जाए जन बिखर।

२) घटा घिरी अटूट हो।

३) छिड़ा मरण का राग हो।

४) चलो नई मिसाल हो।

५) जलो नई मिसाल हो।

६) कड़ी युगों की खोल दो।

©KTBS Not to be republished

**VII. मिलते-जुलते शब्दों को मिलाओ:**

| | | |
|---|---|---|
| १. | रुको | जलो |
| २. | अड़ो | मरो |
| ३. | चलो | झुको |
| ४. | डरो | गड़ो |

**VIII. पढ़ो और सही अर्थवाले वाक्य के सामने (✓) लगाओ:**

१. न हाथ एक अस्त्र हो।

हाथ में एक हथियार हो। ( )

हाथ में एक हथियार न हो। ( )

२. तुम्हारा प्रण उठे निखर।

तुम्हारी प्रतिज्ञा साफ न हो। ( )

तुम्हारा प्रण साफ हो। ( )

**IX. अपने वाक्यों में प्रयोग करो:**

१. प्रण -

२. बिखर -

३. अटूट -

४. मिसाल -

५. कमाल -

**योग्यता विस्तार :**

- इस कविता को याद कर कक्षा में सुनाओ।

☺☺☺☺☺☺

Not to be republished ©KTBS

## पाठ - २

# मूर्ख गधा

- संकलित

**छात्र दिल-दिमाग से काम करना सीखते हैं।**


किसी जंगल में एक शेर रहता था। एक सियार उसका सेवक था। एक बार एक हाथी से शेर की लड़ाई हो गई। शेर बुरी तरह घायल हो गया। वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गया। आहार न मिलने से सियार भी भूखा था।




शेर ने सियार से कहा-'तुम जाओ और किसी पशु को खोजकर लाओ, जिसे मारकर हम अपना पेट भर सकें।' सियार किसी जानवर की खोज करता हुआ एक गाँव में पहुँच गया। वहाँ उसने एक गधे को घास चरते हुए देखा। सियार गधे के पास गया और बोला-'मामा, प्रणाम ! बहुत दिनों बाद दर्शन हुए हैं। तुम इतने दुबले कैसे हो गये?' गधा बोला - 'भाई, कुछ मत पूछो। मेरा स्वामी बड़ा कठोर है। वह पेट भर घास नहीं देता। इस धूल से सनी हुई घास खाकर पेट भरना पड़ता है।' सियार ने कहा- 'मामा, उधर नदी के किनारे एक बहुत बड़ा घास का मैदान है।

© KTBS Not to be republished

चलो वहीं तुम मेरे साथ आनंद से रहो।' गधे ने कहा-'भाई, मैं तो गाँव का गधा हूँ। वहाँ जंगली जानवरों के साथ मैं कैसे रह



सकूँगा?' सियार बोला- 'मामा, वह बड़ी सुरक्षित जगह है। वहाँ किसी का कोई डर नहीं है। तीन गधियाँ भी वहीं रहती हैं। वे भी एक धोबी के अत्याचारों से तंग होकर भाग आई हैं। सियार की बात सुनकर गधा लालच में आ गया। गधे को लेकर धूर्त सियार वहाँ पहुँचा, जहाँ शेर छिपा बैठा था। शेर ने पंजे से गधे पर प्रहार किया लेकिन गधे को चोट नहीं लगी और वह डरकर भाग खड़ा हुआ।



Not to be republished ©KTBS

तब सियार ने नाराज़ होकर शेर से कहा-'तुम एकदम निकम्मे हो गये। जब तुम एक गधे को नहीं मार सकते तो हाथी से कैसे लड़ोगे?' शेर झेंपता हुआ बोला- 'मैं उस समय तैयार नहीं था, इसीलिए चूक हो गई।' सियार ने कहा- 'अच्छा, अब तुम पूरी तरह तैयार होकर बैठो, मैं उसे फिर से लेकर आता हूँ। वह फिर गधे के पास पहुँचा। गधे ने सियार को देखते ही कहा- 'तुम तो मुझे मौत के मुँह में ही ले गये थे। न जाने वह कौन-सा जानवर था। मैं बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागा।' सियार ने हँसते हुए कहा- 'अरे मामा, तुम उसे पहचान नहीं पाए। वह तो गधी थी। उसने तो प्रेम से तुम्हारा स्वागत करने के लिए हाथ बढ़ाया था।



तुम तो बिल्कुल कायर निकले और वह बेचारी तुम्हारे वियोग में खाना-पीना छोड़कर बैठी है। तुम्हें तो उसने अपना पति मान लिया है। अगर तुम नहीं चलोगे तो प्राण त्याग देगी।' गधा एक बार फिर सियार की बातों में आ गया और उसके साथ चल पड़ा। इस बार शेर नहीं चूका। उसने गधे को एक ही झपट्टे में मार दिया।

©KTBS Not to be republished

भोजन करने से पहले शेर स्नान करने के लिए गया। इस बीच सियार ने गधे का दिल और दिमाग खा लिया।



शेर स्नान करके लौटा तो नाराज़ होकर बोला- 'ओ सियार के बच्चे, तूने मेरा भोजन जूठा क्यों किया? तूने इसके हृदय और सर क्यों खा लिये?'

धूर्त सियार गिड़गिड़ाता हुआ बोला- 'महाराज, मैंने तो कुछ भी नहीं खाया है। इस गधे का दिल और दिमाग था ही नहीं, यदि होते तो यह दोबारा, मेरे साथ कैसे आता ।' शेर को सियार की बात पर विश्वास हो गया। वह शांत होकर भोजन करने में जुट गया।

****

**शब्दार्थ:**

खोज-तलाश, दुबला-कमज़ोर शरीरवाला, निर्बल; चोट-आघात, घाव; धूर्त-कपटी, नाराज़-गुस्सा, निकम्मा-बेकार, झेंप-संकोच, मौत-

©KTBS Not to be republished

निधन, कायर-डरपोक, उत्साह हीन; बेचारी-दीन, झपट्टा-वार, हमला; बुद्धि-दिमाग, जूठा-जिस पर मुँह लगाया गया हो, उच्छिष्ट; गिड़गिड़ाना - दीनतापूर्वक प्रार्थना करना।

## अभ्यास

**I. उत्तर लिखो :**

१) शेर चलने-फिरने में क्यों असमर्थ हो गया?

२) सियार की कौन-सी बात सुनकर गधा लालच में आ गया?

३) शेर को सियार की किस बात पर विश्वास हो गया?

**शब्दार्थ और शब्द रचना :**

**II. शब्द और अर्थ का सही मिलान करो :**

| | | |
|---|---|---|
| १. | जंगल | युद्ध |
| २. | लड़ाई | प्राणी |
| ३. | घायल | निरर्थक |
| ४. | पशु | वन |
| ५. | चोट | जख्मी |
| ६. | निकम्मा | उच्छिष्ट |
| ७. | जूठा | घाव |

**III. विलोमार्थक शब्दों को मिलाओ :**

| | | |
|---|---|---|
| १. | डर | भली |
| २. | बुरी | समर्थ |
| ३. | असमर्थ | निड़रता |
| ४. | बहुत | असुरक्षित |
| ५. | सुरक्षित | कम |

©KTBS Not to be republished

**IV. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करोः**

**(अगर, नहीं, जुट, और, इसीलिए)**

१. तुम जाओ __________ किसी पशु को खोजकर लाओ।

२. मैं उस समय तैयार नहीं था, __________ चूक हो गई।

३. __________ तुम नहीं चलोगे तो वह प्राण त्याग देगी।

४. मैंने तो कुछ भी __________ खाया है।

५. वह शांत होकर भोजन में __________ गया।

**V. किसने, किससे कहा?**

१. तुम जाओ और किसी पशु को खोजकर लाओ।

२. मामा, प्रणाम! बहुत दिनों बाद दर्शन हुए हैं। तुम इतने दुबले कैसे हो गये?

३. मामा, उधर नदी के किनारे एक बहुत बड़ा घास का मैदान है।

४. मैं उस समय तैयार नहीं था, इसीलिए चूक हो गई।

५. तूने मेरा भोजन जूठा क्यों किया?

**VI. नीचे लिखे वाक्यों को घटना-क्रमानुसार लिखोः**

१. शेर ने सियार से कहा 'तुम जाओ और किसी पशु को खोजकर लाओ।'

२. सियार ने कहा - 'मामा, उधर नदी के किनारे एक बहुत बड़ा घास का मैदान है।

३. शेर बुरी तरह घायल हो गया।

©KTBS Not to be republished

**VII. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

**हाथी - हाथियों को**

१. व्यापारी -

२. मंत्री -

३. भाई -

**शेर - शेरों को**

४. जानवर -

५. सियार -

६. पेड़ -

**VIII. इन शब्दों से वाक्य बनाओ:**

१. चलना-फिरना -

२. असमर्थ होना -

३. पेट भरना -

४. निकम्मा होना -

५. चल पड़ना -

**योग्यता विस्तार :**

- सुनी हुई या पढ़ी हुई किसी कहानी को कक्षा में सुनाओ और लिखो।

☺☺☺☺☺☺

© KTBS Not to be republished

## पाठ - ३

# गणतंत्र दिवस

- संकलित

**सन् १९४७, १५ अगस्त को भारत आज़ाद हुआ। उस दिन से हम अपने देश को चला रहे हैं। इस व्यवस्था के लिए हमने कानून एवं नियमों को रचा है। इसे संविधान कहते हैं। इस पाठ के द्वारा बच्चे गणतंत्र दिवस के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हैं।**




©KTBS Not to be republished

२६ जनवरी हमारे देश का गणतंत्र दिवस है। गणतंत्र शब्द का अर्थ है जनता के लिए जनता से ही चुनी गई सरकार। हमारा संविधान २६ जनवरी, १९५० को लागू हुआ। उस दिन से भारत गणतंत्र हुआ।

सन् १९४७, १५ अगस्त को भारत स्वतंत्र हुआ। उस दिन से सन् १९५०, २५ जनवरी तक अंग्रेज़ों के नियम ही हमारे देश में लागू थे। २६ जनवरी, १९५० से हमारे अपने संविधान के नियम-कानून देशभर में लागू हो गये। हमारे प्रथम प्रधान मंत्री थे पंडित जवाहरलाल नेहरू और सर्वप्रथम राष्ट्रपति बने डॉ. राजेंद्रप्रसाद।

पूरे देश के लिए यह दिन पावन बन गया है। हमारे देशवासियों के लिए यह दिन बहुत महत्व का है। इस दिन को राष्ट्रीय पर्व भी कहा जाता है। देश भर में बड़े आनंद और गर्व से हम इस राष्ट्रीय त्योहार को मनाते हैं।

३१ दिसंबर १९३० को देश के नेताओं ने रावी नदी के तट पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में यह प्रण किया था कि हम अंग्रेज़ों को भारत से भगायेंगे और पूर्ण स्वराज्य को प्राप्त कर ही लेंगे। भारत पर अंग्रेज़ों का लगभग २०० वर्षों तक शासन था। हम उन अंग्रेज़ों की सत्ता के काबू में थे। लगातार घोर संग्राम के बाद भारत को पूर्ण स्वराज्य प्राप्त हुआ। भारत की जनता अपने संविधान के नीचे चैन की साँस लेने लगी।



राजधानी दिल्ली में इस पावन दिवस को बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। इंडिया गेट में बनाये गये मंच पर भारत के राष्ट्रपति विदेशों से आमंत्रित अतिथियों के साथ प्रभात वेला में उपस्थित हो जाते हैं। हमारे देश के प्रधान मंत्री सहित मंत्री मंडल के अनेक सदस्य तथा जलसेना, थलसेना और वायुसेना के अध्यक्ष उनकी अगवानी करते हैं। दिल्ली का राजपथ सजा-धजा होता है। राजपथ के दोनों ओर इस समारोह को देखने के लिए लोग जमकर बैठे रहते हैं। इस समारोह का शुभारंभ हमारे राष्ट्रपति के द्वारा तिरंगे झंडे को लहराकर किया जाता है। हज़ारों लोग बड़ी श्रद्धा और भक्ति से राष्ट्रगीत 'जन गण मन' गाते हैं।

इसके उपरांत 'सलामी' नामक समारोह आरंभ होता है, जिसमें सैनिकों की टुकड़ियाँ, तीनों सेनाओं का आकर्षक जुलूस, अस्त्र-शस्त्रों की प्रगति, देश भर की झाँकियाँ, पाठशालाओं के

Not to ©KTBS Republished

विद्यार्थियों के रंगबिरंगे कार्यक्रम आदि होते हैं। इतना ही नहीं, देश भर से आए लोकगीत और नर्तक दलों की सांस्कृतिक झाँकियों से समारोह शोभायमान होता है। सेना के विमानों से आकाश में अद्‌भुत कलाबाजियाँ प्रदर्शित होती हैं। साँझ की वेला में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और सरकारी इमारतों पर रोशनी जगमगाती है।

देश भर में इस पावन पर्व को मनाया जाता है। प्रत्येक राज्य में उस राज्य के राज्यपाल तिरंगा झंडा फहराते हैं। उनकी अध्यक्षता में समारोह चलाया जाता है। पाठशालाओं के विद्यार्थी ध्वजारोहण के बाद विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं जिनमें देशभक्ति और देश के प्रति निष्ठा प्रस्फुटित होती है।

उस दिन देश-भर की जनता यह प्रण करती है कि हमेशा तिरंगा झंडा आकाश में लहराता रहेगा।

*****

**शब्दार्थ:**

स्वतंत्र-आज़ाद, किसीके अधीन न होना; नियम-कानून, पद्धति; पावन-पवित्र, पर्व-त्योहार, तट-नदी के पास की भूमि, प्रण-प्रतिज्ञा, चैन-शांति, आराम; सलामी-हथियारों को उठाकर सलाम करना, झाँकियाँ-प्रदर्शन, प्रस्फुटित होना-प्रकट होना, लहराना-हवा में उड़ाना।

## अभ्यास

**I. प्रश्नों के उत्तर बताओ:**

१. हमारे देश में गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है?
२. हमारे देश में संविधान कब से लागू हुआ?
३. अंग्रेज़ों से बने नियम कब तक लागू थे?
४. स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधान मंत्री कौन थे?
५. 'गणतंत्र' को कौन-सा पर्व कहा जाता है?
६. 'गणतंत्र' शब्द का अर्थ क्या है?

©KTBS Not to be republished

७. प्रभात वेला में कौन-कौन उपस्थित होते हैं?
८. समारोह शुरू होते ही कौन तिरंगे झंडे को फहराते हैं?
९. सेना के विमानों से क्या दिखाया जाता है?
१०. नेहरू के साथ नेताओं ने कौन-सा प्रण किया था?

**II. सोचो और लिखो:**

१. भारत पर अंग्रेज़ों का शासन कब तक था? भारत की जनता कब से चैन की साँस लेने लगी?
२. गणतंत्र समरोह में कौन-कौन उपस्थित होते हैं? इस समारोह का आरंभ कैसे किया जाता है?
३. सलामी नामक समारोह के बारे में अपने शब्दों में लिखो।
४. प्रत्येक राज्य के राज्यपाल २६ जनवरी को क्या फहराते हैं? विद्यार्थियों के कार्यक्रम कैसे होते हैं?

**III. आज़ादी की लड़ाई के नेता:**

भारत पावन भूमि है। इस भूमि पर अंग्रेज़ों का बेरहमी से शासन था। उन दिनों देश को बचाने के लिए भारतवासियों ने अपनी जान की बलि चढ़ा दी। ये नेता ऐसे थे कि भारतवासियों को इस संग्राम के लिए प्रेरणा देते थे और मार्ग दिखाते थे। अब उन नेताओं के नाम लिखो। हाँ, तुम अपने बड़ों से पूछ-ताछ कर सकते हो।

**उदा: महात्मा गांधीजी**

| | |
|---|---|
| १. | ५. |
| २. | ६. |
| ३. | ७. |
| ४. | ८. |

**IV. महिला नेता:**

स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का भी बड़ा योगदान था। अब उन महिला नेताओं के नाम पता करो और लिखो:

| | |
|---|---|
| १. | ४. |
| २. | ५. |
| ३. | ६. |

© KTBS Not to be republished

**V. नेताओं के जन्म दिन :**

भारत में कुछ नेताओं का जन्म दिन धूम-धाम से मनाते हैं। उनके जन्म दिन का पता लगाओ और लिखो:

१. गांधीजी -

२. नेहरू जी -

३. अंबेडकर जी -

**VI. त्योहार और धर्म संबंधी विचार:**

हमने देखा है कि पूरे भारत में त्योहारों का बड़ा महत्व है। इन त्योहारों का संबंध कोई-न-कोई साधु, संत या भगवान के नाम से जुड़ा हुआ है। अब त्योहार तथा जयंती के नामों की सूची तैयार करो। तुम अपने गुरुजनों से मदद ले सकते हो।

| | **त्योहार** | **जयंती** |
|---|---|---|
| **उदा:** | **रामनवमी** | **महावीर जयंती** |
| १. | | |
| २. | | |
| ३. | | |
| ४. | | |
| ५. | | |
| ६. | | |

**VII. धर्मों के नाम पर त्योहार :**

तुम्हारी पाठशाला में अलग-अलग धार्मिक रीति-रिवाज़ों के सहपाठी हैं। तुम तो आराम से अपने सहपाठियों के साथ उठते हो, बैठते हो, आपस में रोटी-भात बाँटकर खाते भी हो। अलग-अलग धर्म संबंधी त्योहारों के नाम लिखो। आपस में बातचीत कर सकते हो। तालिका बनाओ:

©KTBS Not to be republished

| हिंदू धर्म के त्योहारों के नाम | इस्लाम धर्म के त्योहारों के नाम | ईसाई धर्म के त्योहारों के नाम |
|---|---|---|
| १. ____________ | १. ____________ | १. ____________ |
| २. ____________ | २. ____________ | २. ____________ |
| ३. ____________ | ३. ____________ | ३. ____________ |

## VIII. शहीदों के नाम :

अंग्रेज़ों के विरुद्ध भारत का हर आदमी सचेत था। अब इतिहास के पन्नों में उन सबके नाम नहीं मिलते हैं। फिर भी तीन शहीदों के नाम बार-बार याद आते हैं। स्कूली किताबों में इनकी तस्वीरें भी मिलती हैं। वे बड़े धैर्य से फाँसी पर चढ़ गये थे। इन तीनों शहीदों के नाम पता करो और लिखो:

(**सूचना :** इनको २३ मार्च १९३१ को अंग्रेज़ों ने फाँसी की सज़ा दी थी)

१.

२.

३.

## योग्यता विस्तार :

- पूरे विश्व में १९२ देश हैं। इन देशों का अलग-अलग झंडा होता है। तुम एक काम करो। १० देशों के नाम लिखो और उसके आगे झंडे की तस्वीर चिपकाओ।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished


## पाठ - ४

# चिड़िया रानी

- डॉ. श्यामलाकांत वर्मा

**घर-आँगन में, बाग-बगीचे में, पेड़ों पर अनेक प्रकार की चिड़ियाँ देखने को मिलती हैं। वे कई रूप-रंग की होती हैं। छात्र इनकी जानकारी प्राप्त करते हैं।**

चिड़िया रानी! चिड़िया रानी!
आओ बैठो, सुनो कहानी।
मेरे आँगन में आ जाओ
बिखरे दाने चुन-चुन खाओ।
फुदक-फुदक तुम नाचो-कूदो
प्यास लगे तो पी लो पानी।
छत पर तो तुम आ जाती हो
सीटी मधुर बजा जाती हो।





मुझे देखकर पंख खोल कर
झटपट तुम उड़ जाती हो।
हो तुम तो जानी-पहचानी
बनती हो फिर क्यों अनजानी।
सखी सहेली तुम बन जाओ
खेलो-कूदो गीत सुनाओ।
दूर गगन में तुम उड़ती हो
मुझको भी उड़ना सिखलाओ।
तुम्हें बुलाती अम्मा, नानी
करो न तुम अब आनाकानी।

*****

© KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ:**

बिखरना - चीज़ों का इधर-उधर फैलना, दाना-अनाज का कण, बीज; पहचानी-पूर्व परिचित वस्तु को देखने से होनेवाला भाव, फुदकना - उछलते हुए चलना, अनजानी - न जाननेवाली, अपरिचित।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. बालिका किसे बुला रही है?

२. बालिका चिड़िया को कहाँ बैठने के लिए बोलती है?

३. बालिका चिड़िया को क्या खिलाना चाहती है?

४. फुदक-फुदककर क्या नाचती है?

५. चिड़िया रानी कैसी सीटी बजाती है?

६. बालिका को चिड़िया रानी कैसे लग रही है?

७. बालिका चिड़िया से क्या कहती है?

८. चिड़िया रानी कहाँ उड़ती है?

**II. सोचो और लिखो :**

१. चिड़िया रानी से बालिका क्या कहती है? किसे चुनने को कहती है?

२. छत पर चिड़िया रानी क्या करती है?

३. बालिका चिड़िया रानी से क्या सीखना चाहती है?

©KTBS Not to be republished

## III. जोड़कर लिखो :

| अ | आ |
|---|---|
| १. बिखरे दाने | तुम उड़ती हो |
| २. प्यास लगे | बजा जाती हो |
| ३. सीटी मधुर | जानी-पहचानी |
| ४. हो तुम तो | चुन-चुन खाओ |
| ५. दूर गगन में | तो पी लो पानी |

## IV. तरह-तरह के पक्षी :

तुमने अनेक पक्षियों को देखा है। बाग-बगीचे में, कहीं पेड़-पौधों पर, कहीं खेत में अलग-अलग प्रकार के पक्षी होते हैं। बड़ों से पूछ-ताछ करो, किताबें देखो। उन पक्षियों के नाम और रंग लिखो :

| पक्षी का नाम | पक्षी का रंग |
|---|---|
| १. | १. |
| २. | २. |
| ३. | ३. |
| ४. | ४. |

## V. पदार्थों के नाम :

प्यास लगती है तो तुम पानी पीते हो। सारे पशु-पक्षी भी पानी पीते हैं। पर घर में, होटल में, ज्यूस सेंटर में पीने के अनेक तरल पदार्थ होते हैं। नीचे लिखी तालिका में तरल पदार्थों के नाम लिखो :

©KTBS Not to be republished

| **घर में** | **होटल में** | **ज्यूस सेंटर में** |
|---|---|---|
| १ | १ | १ |
| २ | २ | २ |
| ३ | ३ | ३ |
| ४ | ४ | ४ |

## VI. 'मन उड़ना' का अर्थ :

सचमुच तुम्हारा मन उड़ता है। 'मन उड़ना' का अर्थ होता है, अतीव आनंद होना। तुम सोच-समझ कर लिखो कि कब-कब तुम्हारा मन उड़ता है -

**उदा : नये कपड़े पहनने से।**

१.

२.

३.

४.

५.

## योग्यता विस्तार :

- रंग-बिरंगे पक्षी होते हैं । किन्हीं दस पक्षियों के चित्र इकट्ठा करो। उन्हें सफेद कागज़ की पुस्तक में चिपकाओ । एक पृष्ठ में एक ही चित्र हो । उसके नीचे पक्षी का नाम, रंग, वह किस देश का है? इत्यादि जितनी जानकारी मिलती है, लिखो ।

☺☺☺☺☺☺


©KTBS Not to be republished

पाठ - ५

# आकाश नीला क्यों होता है?

- संकलित

**बड़ा रोचक विषय है- आकाश नीला क्यों होता है? प्रकृति में अनेक प्रकार के रोचक विचार मिलते हैं। आज हम जितने रंगों का उपयोग कर रहे हैं, सब प्रकृति की देन है। बच्चे इससे परिचित होते हैं।**



शेखर और मनु को गाँव देखने का बहुत मन था। कल से उनकी गरमी की छुट्टियाँ शुरू होनेवाली थीं। वे अपने दादा-दादी के पास जाना चाहते थे। अगले दिन सुबह ही अपने पिता के साथ गाँव के लिए रवाना हो गए। रास्ते में हरे-भरे खेत, बाग-बगीचे देखकर उनको बहुत अच्छा लग रहा था। इतनी हरियाली उन्होंने शहर में कहीं नहीं देखी थी।

उनके दादा-दादी शेखर और मनु को देखकर बहुत खुश हुए। उनके दादा जी गाँव के विद्यालय में विज्ञान के अध्यापक थे। उन दोनों को दादा जी विज्ञान से संबंधित बातें बताते थे। उनका किसी भी बात को समझाने का तरीका इतना रोचक और मज़ेदार होता था कि बच्चों को आसानी से समझ में आता और उनकी रुचि

© KTBS Not to be republished

उस विषय में बढ़ जाती थी। इस बार भी शेखर और मनु अपने बहुत-से प्रश्नों के साथ आए थे ताकि दादा जी उनका समाधान कर सकें।

रात के समय दादा जी के साथ आँगन में चारपाई बिछाकर दोनों लेटे हुए थे । लेटे-लेटे शेखर दूर तक फैले तारों से भरे आसमान को देखकर कुछ सोच रहा था। दादा जी ने उससे पूछा, ''शेखर बेटा, क्या सोच रहे हो?''

''दादा जी, आकाश इस समय काला है लेकिन प्रातःकाल यह नीले रंग का होता है न?'' शेखर ने पूछा। ''नहीं शेखर, आकाश का रंग नीला नहीं है, वास्तव में हमें नीले रंग का अनुभव होता है।''

अच्छा, शेखर के लिए यह हैरानी की बात थी, उसने कौतूहल से पूछा- ''यह कैसे होता है दादा जी?'' ''सुनो, हमारा जो वायुमंडल है उसमें चारों ओर धूल और जल के छोटे-छोटे कण बिखरे रहते हैं। जब सूर्य का प्रकाश उस वायु में से होकर गुज़रता है तो उसका कुछ भाग इन कणों में फैल जाता है। फलस्वरूप नारंगी, पीले, हरे, लाल रंग की तरंगों की तरंग-दैर्घ्य अधिक होने के कारण इन पर इसका अधिक प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन नीले, बैंगनी और आसमानी रंगों की तरंग-दैर्घ्य कम होने के कारण चारों ओर सारे आकाश में इन रंगों की तरंगें उचटकर फैल जाती हैं। इन सबमें नीले रंग की दृश्यता अधिक होने के कारण आकाश हमें नीले रंग का लगता है।''

''प्रातःकाल तुम्हें एक प्रयोग के द्‌वारा और अच्छे तरीके से समझाने का प्रयत्न करूँगा। अच्छा, अब सो जाओ।''

सुबह उठते ही शेखर को प्रयोग का इंतज़ार था। दादा जी उन्हें

©KTBS Not to be republished

ऐसे कमरे में ले गए जहाँ के खिड़की-दरवाज़ों पर परदे डाल देने के कारण अँधेरा हो गया था। थोड़ी देर में दादी जी एक हाथ में पानी से भरा काँच का जग (Jug) और कटोरी में थोड़ा-सा दूध लिए हुए आ गई। दादा जी ने मनु से कहा-''जाओ, मेरी मेज़ से टॉर्च उठा लाओ।''



अब दादा जी ने पानी के जग में थोड़ी-सी मात्रा में दूध डाला जिससे पानी दूधिया-सा हो गया। फिर उन्होंने जग से ३ इंच की दूरी से टॉर्च जलाई तो जग का पानी नीले आकाश के समान नज़र आने लगा। लाईट चले जाने पर वह फिर से धुंधला पानी बन गया।

दादा जी उन्हें समझाते हुए कहने लगे, ''यदि इस जग के पानी को आकाश मान लिया जाए तो दूध हमारे वायुमंडल में फैली धूल और जल के कण हैं और टॉर्च का प्रकाश सूर्य की रोशनी है। जब टॉर्च रूपी सूर्य की रोशनी दूध पर पड़ी तो दूध की बूँदों द्वारा नीले रंग की तरंगें पूरे पानी में फैलकर उसके नीले होने का आभास हुआ।

बच्चों को इस प्रयोग से एक नई जानकारी मिली।

****

©KITE Not to be republished

**शब्दार्थ :**

मन-इच्छा, तरीका-रीति, उपाय; समझना-बोध होना, आसानी-सुगमता, समाधान-संदेह निवारण, चारपाई-खाट, हैरानी-विस्मय, बिखरना-चीज़ों का इधर-उधर होना, उचट-अलग, दैर्घ्य-दीर्घता, लंबाई; धुंधला-अस्पष्ट, जानकारी-परिचय, ज्ञान।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. शेखर और मनु को क्या देखने का मन था?
२. गाँव में कौन थे?
३. शेखर-मनु के दादा जी क्या काम करते थे?
४. चारपाई कहाँ बिछी थी?
५. रात के समय आकाश का रंग कैसा दिखता है?
६. सूर्य का प्रकाश कहाँ से होकर गुज़रता है?
७. दादा जी ने पानी के जग में क्या डाला?
८. कमरे के खिड़की-दरवाज़ों पर क्या डाले गये थे?
९. जग के पानी को दादा जी ने क्या कहा?
१०. दूध की बूँदों द्वारा कौन-सा रंग पानी में फैल गया?

**II. सोचो और लिखो :**

१. शेखर-मनु के दादा जी गाँव में क्या काम करते थे?
२. आकाश के नीले रंग के बारे में दादा जी ने क्या बताया?
३. कमरे में नीला रंग दिखाने के लिए दादा जी ने कौन-सी व्यवस्था की?
४. आकाश का रंग हमेशा नीला दिखता है-इसे दादा जी ने किस तरह साबित किया?

©KTBS Not to be republished

## III. गाँव और शहर:

तुमने गाँव को देखा है। उसी तरह तुम्हें नगर का परिचय भी है। गाँव और नगर के अंतर को तुमने महसूस किया होगा। अब सोच-समझकर लिखो-गाँव और नगर में क्या अंतर है? छोटे-छोटे वाक्यों में लिखो:

**उदाहरण : गाँव में खेत होते हैं।**

**नगर में पार्क होते हैं।**

| गाँव | शहर |
|---|---|
| १. | १. |
| २. | २. |
| ३. | ३. |
| ४. | ४. |
| ५. | ५. |

## IV. किसानों के उपकरण और उपयोग :

किसान खेतों में कई उपकरणों का उपयोग करते हैं। किस-किस चीज़ से क्या-क्या काम किया जाता है, छोटे वाक्यों में लिखो:

**हल - किसान खेत में हल चलाता है।**

१.

२.

३.

४.

©KTBS Not to be republished

## V. पशु और पक्षी:

तुम गाँव जाया करते हो। गाँव का परिसर शहरों से अलग होता है। वहाँ हरियाली हमेशा लहराती रहती है। गाँव में मोटर गाड़ियों की आवाज़ कम सुनने को मिलती है। गाँव के पशु-पक्षी के नाम लिखो:

| | पालतू पशु के नाम | पक्षी के नाम |
|---|---|---|
| उदा: | भैंस | कबूतर |
| | १. | १. |
| | २. | २. |
| | ३. | ३. |
| | ४. | ४. |

## VI. विरोधार्थक शब्द लिखो:

१. पास ×

२. अच्छा ×

३. शहर ×

४. शुभ ×

५. रात ×

## योग्यता विस्तार :

- समुंदर का पानी नमकीन होता है। वह कभी नीली, हरी सा दीख पड़ता है। इसके बारे में तुम अपने गुरुजनों और बड़ों से पूछ-ताछ करो। एक निबंध लिखो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ६

# देशप्रेमी आज़ाद

**-संकलित**

**चंद्रशेखर आज़ाद की जीवनी पढ़कर छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत हो सकती है।**




यह उन दिनों की घटना है जब भारत में अंग्रेजों का राज था। तब रोटी माँगनेवालों पर डंडे बरसाए जाते थे। स्वतंत्रता माँगनेवालों को जेल में डाल दिया जाता था। 'भारतमाता की जय' बोलनेवालों को फाँसी पर लटका दिया जाता था।

चौदह वर्ष का एक बालक था- चंद्रशेखर। उसे दासता से चिढ़ थी। वह बलिदान करने को तैयार था।

उन्हीं दिनों गांधीजी ने नारा लगाया- ''भारतवासियो! तुम एक हो जाओ। तुम्हारे बिना अंग्रेज़ सरकार यहाँ देर तक नहीं चल सकती। इसलिए यदि तुम अंग्रेज़ों को यहाँ से उखाड़ फेंकना चाहते हो तो उन्हें अपना सहयोग देना बंद कर दो।''

असहयोग आंदोलन के लिए जगह-जगह जुलूस निकलने लगे, भाषण होने लगे, हड़तालें की जाने लगीं। इस प्रसंग में जहाँ बड़े-बड़े पकड़े गये, वहाँ एक बालक भी पकड़ा गया और अंग्रेज़ी अदालत में लाया गया। भला यह चंद्रशेखर के अलावा कौन हो सकता था और जज ने सिपाहियों से पूछा-''यह छोटा बालक कौन है?''

©KTBS Not to be republished



सिपाही - ''मी लार्ड! यह जितना छोटा है उतना ही खोटा है।

जज - ''इसका अपराध क्या है?''

सिपाही - ''मी लार्ड! एक नहीं, इसके अनेक अपराध है। यह जुलूस में सबसे ऊँचे नारे लगा रहा था। यह लोगों को अंग्रेज़ी सरकार के विरुद्ध भड़का रहा था। यह खुद भी सरकारी कानून तोड़ रहा था और दूसरों को भी कानून तोड़ने के लिए कह रहा था। फिर इसका सबसे बड़ा अपराध यह है कि यह 'अंग्रेज़ी सरकार की जय' बोलने के बदले 'भारतमाता की जय' बोल रहा था।''

जज ने चंद्रशेखर को सिर से पैर तक एक बार ध्यान से देखा, फिर पूछा- ''तुम्हारा क्या नाम है?''

चन्द्रशेखर - ''आज़ाद।''

जज - ''तुम्हारे पिता का क्या नाम है?''

चन्द्रशेखर - ''भारत।''

जज - ''तुम काम क्या करते हो?''

चन्द्रशेखर - ''स्वतंत्रता के लिए संघर्ष।''

जज - ''तुम्हारा निवास कहाँ है?''


चन्द्रशेखर - ''भारतमाता के चरणों में या जेलखाने में ।''

Not to be republished ©KTBS

राष्ट्रीयता भरे ये उत्तर सुनकर गोरा जज आग बबूला हो गया। पर सामने नादान बालक को देखकर समझाने के लिए बोला - ''तुम अभी बच्चे हो और नासमझ हो। लगता है, लोगों के बहकावे से तुम उलटी बातों में पड़ गए हो। मेरी सलाह मानो तो यह नारेबाजी और आंदोलन का हठ छोड़कर अपनी कमाई और पढ़ाई की चिंता करो, तुम क्षमा माँग लो तो मैं तुम्हें छोड़ दूँगा।''

गोरे जज की अंतिम बात सुनकर चंद्रशेखर का हिंदूस्तानी खून खौल उठा। आँखें तरेरकर उसने जज की ओर गरजकर कहा - ''वाह! उलटा चोर कोतवाल को डाँटे। क्षमा मैं क्यों माँगू ? क्षमा तो तुम्हें हमसे माँगनी चाहिए क्योंकि तुम लोग विदेशी होकर भी बलपूर्वक हमारे देश पर अधिकार जमाए बैठे हो!''

अब जज का क्रोध उसके काबू में न रहा। आँखें लाल करके उसने आदेश दिया - ''इस बकवासी को जेल में डाल दो! इसे बेंतों से पीटो, कोड़ों से मारो!''



बड़ा होकर यही चंद्रशेखर आज़ाद के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यही आज़ाद क्रांतिकारियों का नेता बना। भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव इसीके क्रांतिकारी साथी थे। इसीके 'षड्यंत्रों' से पुलिस दिन-रात परेशान रहती थी और अंग्रेज़ अधिकारियों को इसीके भय के कारण रात को नींद तक न आती थी। आखिर यही चंद्रशेखर आज़ाद भारतमाता के चरणों पर बलिदान हो गया। भारत का यह शेर का बच्चा सदा अमर रहेगा।

****

**शब्दार्थ :**

जुलूस-फेरी, आज़ाद-स्वतंत्र, दासता-पराधीनता, बलिदान देना-शहीद होना, अदालत-न्यायालय, खोटा-नकली, दोषपूर्ण; षड्यंत्र-कुतंत्र।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखो :**

१. आज़ाद का पूरा नाम क्या है?

२. क्या बोलने से फाँसी पर लटका दिया जाता था?

३. चंद्रशेखर आज़ाद किसके नेता थे?

४. जज ने क्या आदेश दिया?

५. क्रांतिकारी साथी कौन-कौन थे?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो :**

१. गोरा जज क्यों आग बबूला हो गया?

२. असहयोग आंदोलन में क्या-क्या होने लगा?

३. गोरे जज की बात सुनकर चंद्रशेखर ने गरजकर क्या कहा?

४. चंद्रशेखर को जज ने क्या कहकर समझाया?

**III. शब्दों को जोड़कर लिखो :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | भारत माता की | - | क्रांतिकारी साथी |
| २. | चंद्रशेखर | - | आंदोलन |
| ३. | असहयोग | - | आज़ाद |
| ४. | भगतसिंह | - | जय |

©KTBS Not to be republished

## IV. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ :

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दृढ़ | → | दृढ़ता |
| १. | वीर | → | __________ |
| २. | सफल | → | __________ |
| ३. | स्वतंत्र | → | __________ |
| ४. | कोमल | → | __________ |

## V. नमूने के अनुसार राष्ट्रीय त्योहारों के नाम लिखो:

| | | | |
|---|---|---|---|
| | १५ अगस्त | → | स्वतंत्रता दिवस |
| १. | ०२ अक्तूबर | → | __________ |
| २. | २६ जनवरी | → | __________ |
| ३. | १४ नवंबर | → | __________ |
| ४. | ०५ सितंबर | → | __________ |

## VI. नमूने के अनुसार विलोम शब्द जोड़ो:

| | | |
|---|---|---|
| १. | बड़ा → | परतंत्रता |
| २. | उत्तर | अनेक |
| ३. | एक | छोटा |
| ४. | स्वतंत्रता | प्रश्न |

©KTBS Not to be republished

**VII. नमूने के अनुसार शब्द जोड़कर लिखो :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **माँगना** | **+** | **वाला** | **=** | **माँगनेवाला** |
| १. | कमाना | + | | = | |
| २. | समझना | + | | = | |
| ३. | बताना | + | | = | |

**जानो :**

बलिदान देना : देश के लिए अपने प्राण अर्पण करना

खून खौल उठना : अत्यंत क्रोधित होना

काबू में न रहना : नियंत्रण में न रहना

परेशान होना : दुखी होना

अमर रहना : हमेशा के लिए रहना

आग बबूला होना : बहुत गुस्सा होना

**VIII. सोचकर नमूने के अनुसार लिखो:**

**भारत का राष्ट्रीय चिह्न - अशोक चक्र**

१. राष्ट्रीय प्राणी - ______________________

२. राष्ट्रीय पक्षी - ______________________

३. राष्ट्रगान - ______________________

©KTBS Not to be republished

## IX. किसने कहा? किससे कहा?

१) ''यह छोटा बालक कौन है?''

२) ''भारतमाता के चरणों में या जेलखाने में।''

३) ''इस बकवासी को जेल में डाल दो! इसे बेंतों से पीटो, कोड़ों से मारो।''

**योग्यता विस्तार :**

- कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों का संग्रह करो।
- देश की उन्नति के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं? कक्षा में चर्चा कर सूची बनाओ।
- राष्ट्रीय त्योहार मनाते समय हम कौन-कौन-से नारे लगाते हैं? लिखो।
- राष्ट्रध्वज का चित्र बनाकर उसमें रंग भरो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished


पाठ - ७

# प्रेमपूर्ण आचरण करो

- संकलित

**इस कविता द्वारा बच्चे दूसरों से प्रेमपूर्ण व्यवहार करना सीखते हैं।**

धरती माता प्यारी है।
सब सुख देनेवाली है।।
पौधे-पेड़ सभी अपने।
सच कर देते हैं सपने।।
अपने फल कब खाते वे।
हमको सदा खिलाते वे।।
सुरभित फूल खुशी देते।
सबका मन वे हर लेते।।
सबको जीवन देते हैं।
बदले में क्या लेते हैं?
पशु भी करते हैं सेवा।
देते दूध सदृश मेवा।।
कीड़े भी कुछ हित करते।
ज़हरीली वायु हरते।।
अपनी ही दुनिया सारी।
आपस में सब हितकारी।।
कभी किसी को कष्ट न दो।
प्रेमपूर्ण आचरण करो।।



****

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

धरती-पृथ्वी, सुरभित-सुगंधित, सुवासित; सदृश-समान, जैसा; ज़हरीली-विषमय, आचरण-व्यवहार ।

## अभ्यास

**I. बोलो और लिखो:**

१. धरती से हम प्रेमपूर्ण आचरण करना कैसे सीख सकते हैं?

२. पेड़-पौधों से हमें क्या लाभ मिलता है?

३. छोटे कीड़े किस प्रकार से सबका हित करते हैं?

४. प्रेमपूर्ण आचरण न करने पर हमारा व्यवहार दूसरों के प्रति कैसा होगा?

५. पेड़-पौधों के अलावा और कौन-कौन-से जीवों से हमें सीख मिल सकती है?

६. सपने कौन सच कर देते हैं?

७. सबको फल कौन खिलाते हैं?

८. फूल सबको क्या देते हैं?

९. पशु किस प्रकार सेवा करते हैं?

१०. सबके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?

११. इस कविता में सबसे प्यारी कौन है?

१२. ज़हरीली वायु को कौन दूर करते हैं?

©KTBS Not to be republished

**II. जिन शब्दों के नीचे रेखा खींची गयी है, उनका अर्थ आपस में चर्चा करके लिखो:**

१. अपने फल कब खाते वे।
हम को सदा खिलाते वे।।

२. पशु भी करते हैं सेवा।
देते दूध सदृश मेवा।

३. अपनी ही दुनिया सारी।
आपस में सब हितकारी।।

**III. और कोई शीर्षक लिखो:**

कविता का नाम 'प्रेमपूर्ण आचरण करो' क्यों है?

तुम इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे?

१.

२.

**IV. निम्न पद्यांश की पूर्ति करो:**

१. सुरभित फूल ________________ देते।
सबका ________________ वे हर लेते।।

२. अपनी ही ________________ सारी।
________________ में सब हितकारी।।

Not to be republished ©KTBS

**V. इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट करो:**

१. पशु भी करते हैं सेवा।
देते दूध सदृश मेवा।।

२. पौधे-पेड़ सभी अपने।
सच कर देते हैं सपने।।

३. कीड़े भी कुछ हित करते।
ज़हरीली वायु हरते।।

४. धरती माता प्यारी है।
सब सुख देनेवाली है।।

**योग्यता विस्तार :**

- पेड़ों से होनेवाले लाभों की सूची बनाओ। कक्षा में सुनाओ।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS
Not to be republished

## पाठ - ७

# मित्र के नाम पत्र

**इस पाठ से बच्चे पत्र लिखने की कला सीख सकते हैं।**

मैसूरु-५७००११

दि :०९-०५-१७



प्रिय रहमान भाई,

नमस्ते।

तुम कैसे हो? तुम्हारे माता-पिता और छोटी बहन कैसे हैं? सबको मेरा नमस्कार कहना।

तुम जब मैसूरु आओगे, तब हम मैसूरु का चिड़ियाघर अवश्य देखने जाएँगे। यह देश के प्राचीनतम चिड़ियाघरों में से एक है। इसे सन् १८९२ में मैसूरु के तत्कालीन राजा चामराजेंद्र ओड़ेयर ने स्थापित किया था। अभी यह कर्नाटक सरकार के अधीन है।

यह १० एकड़ में फैला हुआ बड़ा-सा चिड़ियाघर है। इसमें संसार भर के विभिन्न पशु-पक्षी देखने को मिलेंगे। अफ्रीका के शतुर्मुर्ग, जीब्रा, गैंडा, काला चीता, सफेद बाघ, आस्ट्रेलिया के कांगरु, दक्षिण अमेरिका के ईमु इनमें मुख्य हैं। इन्हें बहुत कम चिड़ियाघरों में ही तुम देख सकते हो।

चिड़ियाघर में बच्चों के मनोरंजन के लिए भूलभुलैयानुमा पौधों की क्यारियाँ, फिसलन, झूले आदि भी हैं। जब तुम आओगे तब हम खूब इनका मज़ा लेंगे। वहीं एक छोटा-सा अल्पाहार गृह भी है। खूब खेलने के बाद जब भूख लगेगी तब वहाँ खायेंगे।

©KTBS Not to be republished

चिड़ियाघर में पशु-पक्षियों को गोद लेने का प्रावधान है। मेरे पिताजी जिस कंपनी में नौकरी करते हैं, उसने एक गैंडे को गोद लिया है। अर्थात्, उसकी देखभाल का सारा खर्च वह कंपनी उठायेगी।

जब तुम आओगे तब हम मेरे पिताजी से कहेंगे कि एक छोटी-सी चिड़िया को वे हमारी ओर से गोद लें। इसके लिए हम एक चिड़िया का चयन भी करेंगे।

क्या तुम्हारे आने के रेल्वे टिकट का आरक्षण हो गया? तिथि और बोगी की संख्या लिखना। मैं स्टेशन पहुँच जाऊँगा।

अच्छा, मैं यहीं पत्र को समाप्त करता हूँ। पत्र का उत्तर जल्दी ही देना।

धन्यवाद।

तुम्हारा,

के.जोसफ

**पताः**

ए.अब्दुल रहमान, पुत्र-जमाल अब्दुल गफ्फर,

८ वाँ क्रॉस रोड, मइलापुर, गांधी नगर, चेन्नै - ०४.

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखोः**

१. मैसूरु के चिड़ियाघर के संस्थापक कौन थे?

२. मैसूरु के चिड़ियाघर की स्थापना कब हुई?

३. चिड़ियाघर में मनोरंजन के लिए क्या-क्या है?

४. चिड़ियाघर में किसका प्रावधान है?

५. किसने गैंडे को गोद लिया है?

६. जोसफ अपने पिताजी से क्या कहना चाहता है?

७. जोसफ रहमान से क्या लिखने के लिए कहता है?

८. मैसूरु के चिड़ियाघर के बारे में चार-पाँच वाक्य लिखो।

**शब्दार्थ और शब्द रचना:**

**II. नमूने के अनुसार समानार्थी शब्द मिलाओ:**

| | |
|---|---|
| १. पत्र | स्थान सुरक्षित करना |
| २. प्रणाम | आश्रित |
| ३. प्रिय | अधिक |
| ४. खूब | चुनना |
| ५. अधीन | चिट्ठी |
| ६. चयन | नमस्कार |
| ७. आरक्षण | प्यारे |

**III. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

**खा → खाओगे**

१. जा →

२. पा →

३. आ →

**IV. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

**प्राचीन → प्राचीनतम**

१. नवीन →

२. सुंदर →

©KTBS Not to be republished

**V. नमूने के अनुसार अन्य लिंग विशेषण शब्द बनाओः**

**छोटा → छोटी**

१. बड़ा →

२. मोटा →

३. बुरा →

**VI. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करोः**

(खूब, प्राचीनतम, समाप्त, जल्दी)

१. पत्र का उत्तर ____________ ही देना।

२. यहीं पत्र को ____________ करता हूँ।

३. तुम जब आओगे हम ____________ मज़ा लेंगे।

४. यह देश के ____________ चिड़ियाघरों में से एक है।

**योग्यता विस्तारः**

- अपने किसी मित्र को जन्म-दिन की बधाई देते हुए पत्र लिखो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ९

# श्री दत्तात्रेय रामचंद्र बेंद्रे

**-संकलित**

**छात्र बेंद्रे जी की जीवनी से परिचित होते हैं।**



कन्नड भाषा के ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त द्वितीय साहित्यकार श्री दत्तात्रेय रामचंद्र बेंद्रे जी हैं। उनकी घरेलू भाषा मराठी थी। बेंद्रे जी कन्नड भाषा के प्रति समर्पित थे और आजीवन उसकी अत्युत्तम सेवा करते रहे। जीवन भर संघर्षों एवं कठिनाइयों से जूझते हुए साहित्य-साधना करते रहे। उनका जीवन और उनकी साहित्य-साधना प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक है।

बेंद्रे जी का जन्म ३१ जनवरी सन् १८९३ को धारवाड के एक सुसंस्कृत परिवार में हुआ। बेंद्रे जी के पिताजी का नाम था रामचंद्र भट्ट और माता का नाम था अंबव्वा या अंबिका। बचपन में ही पिता की मृत्यु के कारण बेंद्रे और उनके दो भाइयों का पालन-पोषण उनकी नानी के यहाँ हुआ। नानी जी भी गरीब थीं और खानावली (मेस) चलाकर परिवार चलाती थीं। बेंद्रे के मामा जी पुणे में अच्छी नौकरी कर रहे थे। उन्होंने बेंद्रे को पढ़ाने-लिखाने की जिम्मेदारी उठायी।

बेंद्रे जी की प्रारंभिक शिक्षा धारवाड में विक्टोरिया स्कूल में हुई। मेट्रिक के बाद पुणे के प्रसिद्ध फर्ग्यूसन कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। साथ ही अंग्रेज़ी, कन्नड, मराठी, संस्कृत आदि में पांडित्य प्राप्त किया। फिर धारवाड लौटकर विक्टोरिया स्कूल में अध्यापक बन गये। वहाँ तीन साल तक काम करने के बाद उन्होंने नेशनल कॉलेज में काम किया।

©KTBS Not to be republished

बेंद्रे जी का विवाह सन् १९१९ में रंगूबाई से हुआ जिनका नाम पारिवारिक परंपरा के अनुसार बदलकर लक्ष्मीबाई रखा गया। यद्यपि वे प्राथमिक शिक्षा तक ही पढ़ी-लिखी थीं, बेंद्रे जी की काव्य-साधना के लिए प्रेरक बनीं। बेंद्रे जी उनसे सादर प्रेम करते थे। फिर एक के बाद एक करके माताजी और एक भाई की मृत्यु का शोक उन्हें सहना पड़ा। अपने छः पुत्रों में से चार की मुत्यु भी उन्हें अपने जीवन काल में देखना पड़ा। उनमें एक तो भरी जवानी में गुज़र गया और दो, एक हफ्ते के अंतराल में चल बसे। बड़े धैर्य के साथ इन सबको बेंद्रे जी ने झेल लिया। बेंद्रे जी का जीवन कठिनाइयों या दुखों से दबनेवाला नहीं था।

पारिवारिक कठिनाइयों के बावजूद गांधीजी से प्रभावित होकर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और जेल भी गये। उनकी नौकरी छूट गयी। बेरोज़गारी में ही किसी तरह उन्होंने एम.ए.किया। कुछ समय तक 'जीवन' मासिक पत्रिका के संपादक रहे। उसके बाद सन् १९४४ में सोल्लापुर के डी.ए.वी. कॉलेज में कन्नड भाषा के प्राध्यापक बने। तब जाकर उनकी आर्थिक कठिनाइयाँ दूर हुईं। सन् १९६५ में अवकाश प्राप्त करने के बाद उन्होंने धारवाड आकाशवाणी केंद्र में साहित्य सलाहकार के रूप में काम किया। २६ अक्तूबर १९८१ ई. को बेंद्रे जी का देहांत हुआ।

गेलेयर गुम्पु के माध्यम से कन्नड साहित्य को प्रोत्साहन देते हुए बेंद्रे जी स्वयं भी काव्य-साधना में लगे रहे। उन्होंने कई काव्य-संग्रह, नाटक, एकांकियाँ और आलोचनात्मक कृतियाँ लिखीं और कई अनुवाद भी किये। उन्होंने मराठी और अंग्रेज़ी में भी साहित्य-सृजन किया है। उनकी रचनाओं में 'कोगिले-कोगिले', 'एंदु बंदे नी' और 'तुत्तूरी' प्रमुख हैं।

बेंद्रे जी बहुत ही लोकप्रिय कवि थे। उन्हें अनेक सम्मान भी प्राप्त हुए। सन् १९४३ में संपन्न २७वें कन्नड साहित्य सम्मेलन में उन्हें अध्यक्ष पद से अलंकृत किया गया। सन् १९६८ में उनके 'अरळु-मरळु'

©KTBS Not to be republished

कविता-संग्रह के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। सन् १९६८ में भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री', सन् १९६९ में केंद्रीय साहित्य अकादमी की फेलोशिप, सन् १९७३ में उनके 'नाकुतंती' कविता-संकलन के लिए उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

****

**शब्दार्थ:**

घरेलू-घर का/की, समर्पण-अर्पित करना, सौंपना; आजीवन-जीवन भर, प्रशंसनीय-प्रशंसा करने योग्य, प्रेरणादायक-प्रेरणा देनेवाला, प्रेरित करनेवाला; सुसंस्कृत-शिष्ट, उत्तम संस्कारयुक्त; पांडित्य-विद्वत्ता, समृद्ध ज्ञान; गुज़र जाना-मृत्यु को प्राप्त, बेरोज़गारी-बेकारी, अवकाश प्राप्त, सेवा निवृत्त; सलाहकार-सलाह/राय देनेवाला, आलोचना - गुण-दोष निकालना, सृजन - रचना, सृष्टि; झेलना - सहना, बर्दाश्त करना ।

## अभ्यास

**I. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो:**

१. बेंद्रे जी के शैक्षिक जीवन का परिचय दो।

२. बेंद्रे जी को अपने जीवन में कौन-कौन-सी कठिनाइयों को झेलना पड़ा?

३. बेंद्रे जी ने किन-किन पदों पर काम किया?

४. बेंद्रे जी को कौन-कौन से पुरस्कार मिले हैं?

५. बेंद्रे जी के परिवार के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

**शब्दार्थ और शब्द रचना :**

**II. पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखो:**

१. पिता ________________

२. भाई ________________

Not to be republished ©KTBS

३. नाना ________________

४. पुत्र ________________

५. कवि ________________

६. अध्यापक ________________

**III. नीचे लिखे स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन रूप लिखो:**

**माला → मालाएँ**

१. माता →

२. भाषा →

३. रचना →

४. कविता →

**IV. विलोमार्थक शब्दों को मिलाओ:**

| | |
|---|---|
| १. यहाँ | छोटा |
| २. बड़ा | सुख |
| ३. प्रेम | सरल |
| ४. दुख | द्वेष |
| ५. कठिन | वहाँ |

**V. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

**परिवार → पारिवारिक** **शिक्षा → शैक्षिक**

१. साहित्य → ________ १. विवाह → ________

३. मास → ________ २. विज्ञान → ________

५. अर्थ → ________

Not to be republished ©KTBS

**स + परिवार - सपरिवार**

१. स + फल - ________________

२. स + प्रेम - ________________

३. स + जीव - ________________

४. स + हित - ________________

५. स + जल - ________________

**VI. वाक्यांश से सही शब्द मिलाओ:**

| | | |
|---|---|---|
| १. | साहित्य सृजन करनेवाला | सलाहकार |
| २. | विद्यालय में पढ़ानेवाला | संपादक |
| ३. | पत्रिका का संपादन करनेवाला | कवि |
| ४. | सलाह देनेवाला | अध्यापक |
| ५. | कविता लिखनेवाला | साहित्यकार |

**VII. नीचे लिखे शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो:**

१. जूझना -

२. जिम्मेदारी उठाना -

३. चल बसना -

४. भाग लेना -

**VIII. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो:**

(स्वतंत्रता, अंग्रेज़ी और मराठी, ज्ञानपीठ, प्रसिद्ध, घरेलू)

१. बेंद्रे जी की __________ भाषा मराठी थी।

२. बेंद्रे जी ने ________ फर्ग्यूसन कॉलेज में बी.ए. किया।

३. गांधीजी से प्रभावित होकर बेंद्रे जी ने __________ संग्राम में भाग लिया।

©KTBS Not to be republished

४. बेंद्रे जी को ‘नाकुतंती’ कविता-संकलन केलिए __________ पुरस्कार मिला।

५. बेंद्रे जी ने __________ में भी साहित्य-सृजन किया है।

## IX. घटना क्रमानुसार लिखो:

१. सन् १९६९ में केंद्रीय साहित्य अकादमी की फेलोशिप मिली।

२. २६ अक्तूबर १९८१ ई. को बेंद्रे जी का देहांत हुआ।

३. बेंद्रे जी को सन् १९६८ में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार मिला।

४. बेंद्रे जी ने सन् १९६५ में अवकाश प्राप्त किया।

५. बेंद्रे जी सन् १९४३ में संपन्न २७वें कन्नड साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष बने।

६. सन् १९७३ में बेंद्रे जी को उनके ‘नाकुतंती’ कविता-संकलन के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।

७. बेंद्रे जी का जन्म ३१ जनवरी सन् १८९३ को धारवाड के एक सुसंस्कृत परिवार में हुआ।

८. बेंद्रे जी सन् १९४४ में सोल्लापुर के डी.ए.वी कॉलेज में कन्नड भाषा के प्राध्यापक बने।

## योग्यता विस्तार:

- कन्नड भाषा में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित अन्य कवियों का संक्षिप्त परिचय प्राप्त करके कक्षा में चर्चा करो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

## पाठ - १०

# तरबूजों का मौसम


- पूर्णिमा वर्मन

**बच्चे विभिन्न फल तथा खाद्य पदार्थों से परिचित होते हैं।**

गरमी के दिन धमा चौकड़ी
मस्ती हल्ला तुम-हम
आया फिर इस साल लौटकर
तरबूजों का मौसम।

दिन भर खेल-खेल कर थकते
रात गये सुस्ताते
लंबे-लंबे दिन होते और
छोटी-छोटी रातें
पढ़ने से फिर लंबी फुरसत
खरबूजों का मौसम
आया फिर इस साल लौटकर
तरबूजों का मौसम।

छोटो, काटो मिलकर बाँटो
ठंडे-ठंडे खीरे
रंग-बिरंगे शरबत मीठे
पीते धीरे-धीरे
चना चबेना लइया सत्तू
भड़भूजों का मौसम
आया फिर इस साल लौटकर
तरबूजों का मौसम ।



****

©KTBS Not to be republished

**कवयित्री परिचय :**



पूर्णिमा वर्मन का जन्म २७ जून १९५५ को पीलीभीत, उत्तरप्रदेश में हुआ। उन्होंने संस्कृत साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। स्वातंत्र्योत्तर संस्कृत साहित्य पर शोध कार्य किया है। पत्रकारिता और वेब डिज़ायनिंग में डिप्लोमा भी प्राप्त की है।

पिछले पच्चीस सालों में लेखन, संपादन, फ्री लांसर, अध्यापन, कलाकार, ग्राफ़िक डिज़ायनिंग और जाल प्रकाशन के अनेक रास्तों से गुज़रते हुए फिलहाल शारजाह नगर में साहित्यिक जाल पत्रिकाओं - 'अभिव्यक्ति' और 'अनुभूति' के संपादन और कला-कर्म में व्यस्त हैं। इसके अतिरिक्त वे हिंदी विकिपीडिया की प्रबंधक भी हैं।

दिल्ली में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, साहित्य अकादमी तथा अक्षरम के संयुक्त अलंकरण, प्रवासी मीडिया सम्मान, जयजयवंती द्वारा जयजयवंती सम्मान तथा रायपुर में सृजन गाथा के हिंदी गौरव सम्मान से विभूषित हैं।

उनका कविता-संग्रह 'वक्त के साथ' प्रसिद्ध है।

**शब्दार्थ:**

हल्ला-शोर, मौसम-काल, फुरसत-अतिरिक्त समय, शरबत-मीठा पेय, चबेना-चबाकर खाने योग्य सूखा भुना हुआ चना, सत्तू - भुने हुए तरह-तरह के दालों का आटा, भड़भूजा - भट्टी लगाकर चना आदि भूनकर बेचनेवाला या उनकी जाति।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो :**

१. इस साल फिर से क्या लौटकर आया है?

२. दिन और रात कैसे होते हैं?

३. किस प्रकार के शरबत को धीरे-धीरे पीते हैं?

©KTBS Not to be republished

**II. नमूने के अनुसार रेखा खींचकर शब्दों को मिलाओ :**

| | |
|---|---|
| १. मस्ती | काल |
| २. हल्ला | मीठा पेय |
| ३. शरबत | नशा |
| ४. मौसम | शोर |

**III. इन शब्दों के अर्थ लिखो :**

१. साल -

२. फिर -

३. लौटना -

४. मौसम -

५. थकना -

६. फुरसत -

**IV. इन शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो :**

१. लंबे-लंबे -

२. छोटी-छोटी -

३. ठंडे-ठंडे -

४. धीरे-धीरे -

**V. इन पंक्तियों को पूरा करो :**

१. गरमी के दिन धमा चौकड़ी

________________________

आया फिर ________________

____________________ मौसम।

©KTBS Not to be republished

२. दिन भर ________________

रात गये सुस्ताते

________________होते और

________________

पढ़ने से फिर लंबी फुरसत

________________

________________

तरबूजों का मौसम ।

**VI. इन पंक्तियों का अर्थ लिखो :**

मस्ती हल्ला तुम-हम।

रात गये सुस्ताते।

रंग-बिरंगे शरबत मीठे।

तरबूजों का मौसम।

**VII. नया शीर्षक :**

अगर तुम्हें इस कविता का नाम बदलने को कहा जाए, तो तुम इसे क्या नाम दोगे? लिखो ।

**योग्यता विस्तार :**

- यहाँ लिखे गये फलों में से तुम्हें कौन से फल पसंद हैं? तुम किन-किन फलों से शरबत बनाते हो? सूची बनाओ।

| | |
|---|---|
| १. तरबूज | ५. संतरा |
| २. खरबूज | ६. जामुन |
| ३. सेब | ७. अंगूर |
| ४. केला | ८. अनार |

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ११

# घंटियाँ

- संकलित

**बच्चे समय का महत्व समझकर उसका सदुपयोग करना सीखते हैं।**

''टिर्रन....टिर्रन....टिर्रन....टिर्रन....''

प्रकाश खीझकर उठा और टाइम पीस को तकिए के नीचे दबाकर लेट गया; कानों के इर्द-गिर्द रज़ाई अच्छी तरह लपेट ली, जिससे घंटी की आवाज़ बिल्कुल न सुनाई दे। पर नींद उचट चुकी थी। मन ही मन अपनी दीदी को कोसने लगा, जो रोज़ रात को उसे सुबह उठकर पढ़ने की शिक्षा देती है। न जाने किस वक्त वह चुपके से घड़ी में अलार्म लगाकर रख जाती है और प्रकाश को मजबूर होकर उठना ही पड़ता है।



अभी शायद पौ फटी होगी कि कमरे के बाहर दीवार पर लगी कॉल बेल बज उठी। प्रकाश चिहुँक उठा। उसने सोचा कि इस कॉल बेल को भी वह आज उखाड़कर फेंक देगा। इस रामू के बच्चे को कितनी बार समझाया कि दूधवाले के आने से पहले ही उठकर दरवाज़े पर खड़ा हो जाया कर, पर यह भी कॉल बेल बजने पर ही उठता है। प्रकाश को लगा जैसे सब लोग हाथ धोकर उसके पीछे पड़ गए हैं।

©KTBS Not to be republished

किसी तरह इधर-उधर करवट बदली कि तब तक पिताजी ने अपना जाप शुरू कर दिया, ''हरे कृष्ण गोविंद हरे मुरारे''। उन्हें भी न जाने क्या आदत है जो मुँह अंधेरे ही उठकर नदी-स्नान को चले जाते हैं और आकर भजन-पूजन में लग जाते हैं। प्रकाश को उनके भजन-पूजन से चिढ़ नहीं है, चिढ़ है उस गिलास के साइज़ की घंटी से, जिसे वह ज़ोर-ज़ोर से हिलाकर भजन गाते हैं । समझ में नहीं आता कि क्या भगवान भी बिना घंटी बजाए नहीं जागते!



आज सुबह से ही प्रकाश झुंझलाया हुआ था। दीदी ने पूछा, ''सुबह उठे थे?''

वह बरस पड़ा,''दीदी, मैं अब इतना छोटा नहीं हूँ कि मुझे तुम रोज़-रोज़ एक ही बात कहो।''

इस उत्तर से दीदी का नाराज़ हो जाना स्वाभाविक ही था। वह बिना उनकी ओर देखे बाथरूम में चला गया।

खाना खाकर जैसे ही वह किताबें इकट्ठी करने लगा कि बैठक में लगी दीवाल घड़ी उसे ही सुनाने के लिए दस का घंटा बजा बैठी। उसका मूड फिर बिगड़ गया। आज फिर पहले पीरियड में लेट पहुँचने पर शास्त्री जी अपनी गोल-गोल आँखों से उसे घूरेंगे, न जाने क्यों वह समझने की कोशिश नहीं करते कि देर-सबेर तो सभी के

©KTBS Not to be republished

साथ होती है।

वह साइकिल पर सवार होकर चला जा रहा था कि झट गाँव का एक आदमी उसके सामने आ गया। बड़ी मुश्किल से वह कतराकर साइकिल निकाल ले गया, पर उसकी कुहनी गाँववाले से टकरा गई।

''दिखाई नहीं देता क्या?'' गाँववाला बड़बड़ाया।

''तुम्हें नहीं दिखाई देता और मुझे कहते हो .........''

''क्या मेरे पीछे आँखें हैं? साइकिल में घंटी क्यों नहीं लगवा लेते? उसे बजा दो, तो सामनेवाला हट जाए।''

और प्रकाश तेजी से पैडिल घुमाता आगे निकल गया। गाँव वाले के मुँह से भी घंटी का नाम सुनकर उसका जी चाहा था कि उसका मुँह नोच ले।

रास्ते में कुछ दोस्त मिल गए।



उनके साथ भी दस-पंद्रह मिनट लग गए। स्कूल पहुँचा, तो मनकीराम चपरासी दूसरे पीरियड का घंटा बजा रहा था। उसे लगा कि यह चपरासी भी उसका शत्रु है। ज़रूर उसने उसे देखकर ही

©KTBS Not to be republished

घंटा बजाया है और फिर कम्बख्त बजाता भी कितनी जोर से है जैसे सभी बहरे हों।


क्लास में पहुँचा, तो भटनागर साहब नहीं आए थे। उन्हें शायद प्रयोगशाला में होकर आना था। वह आए, तो हाथ में पीतल की एक घंटी लेकर आए। आज 'ध्वनि' के संबंध में पाठ था। पूरे पीरियड में वह धातु तथा उस पर किए जानेवाले आघात के कारण होनेवाली ध्वनि तथा उसके कंपनों की भौतिक-शास्त्रीय जानकारी देते रहे और प्रकाश अपना माथा पकड़े बैठा रहा। बीच-बीच में जब वह उदाहरण देने के लिए टन् से घंटी बजाते, तो वह चौंक उठता, जैसे किसी ने उसकी कनपटी पर चाँटा मारा हो और वह तिलमिला कर रह जाता।

पूरा दिन उसने कैसे बिताया, उसकी खुद समझ में नहीं आया। सातवें पीरियड की प्रतीक्षा ही उसका एकमात्र सहारा थी। पर सातवाँ पीरियड जैसे रबड़ बन गया था। वह बार-बार कलाई-घड़ी की सुइयों को देखता। कभी सोचता शायद हैड मास्टर के कमरे की घड़ी ठीक नहीं है। शायद मनकीराम ऊँघ रहा होगा। किसी तरह ज़ोर-ज़ोर से टन्न्....टन्न्....टन्न्.... छुट्टी की घंटी बजी, तो उसे चैन मिला कि चलो अब यहाँ की घंटी से मुक्ति मिली।

घर वापस जाते समय उसे लगा कि बड़ी ज़ोर-ज़ोर से घंटियाँ बजाती हुई कुछ मोटर गाड़ियाँ पीछे से आ रही हैं। वह एकदम सड़क छोड़कर किनारे हो गया। देखा कि एक के पीछे एक, तीन फायर-ब्रिगेड की गाड़ियाँ चली आ रही हैं। उनकी घंटियाँ ज़ोरों से बज रही हैं। लोग उधर ही भाग रहे हैं जिधर वे जा रही हैं, किन्तु जब फायर-ब्रिगेड की गाड़ियाँ उसके करीब से गुज़रीं, तो इतनी तेजी से घंटियों का स्वर उसके कानों में घुसा कि उसका मस्तिष्क सुन्न पड़ गया। उसे पल भर के लिए लगा कि वह बहरा हो गया है। भारी मन से वह धीरे-धीरे घर की ओर चला। चाहता तो था कि उधर चलकर देखे कि आग कहाँ लगी है, पर सिर फटा जा रहा था। घंटियों की आवाज़ों ने जैसे उसके दिमाग में पंक्चर कर दिया था।

©KTBS Not to be republished

घर पहुँचा, तो उसकी आँखें बुरी तरह जल रही थीं। दीदी ने माथे पर हाथ रखा, तो बुखार से वह तप रहा था। फौरन प्रकाश की बीमारी का समाचार घर में फैल गया। माँ ने आकर उसे बिस्तर पर लिटा दिया और उसका सिर सहलाने लगी। पिताजी ने थर्मामीटर लगाकर देखा तो बुखार चार को पार कर पाँच डिग्री को छूना चाहता था। दीदी ने तुरंत पड़ोस में जाकर डॉक्टर को आने के लिए फोन कर दिया।



प्रकाश अपनी सारी सुधबुध खो बैठा था। तेज बुखार में वह हाथ-पैर पटक रहा था। बीच-बीच में बड़बड़ा उठता, ''घंटी.... घंटी.... घंटी.... बजी.... बंद करो, उसे.... बंद करो..... दीदी..... अलार्म..... मनकीराम .... भटनागर साहब.... घंटी.... घंटी...।''

डॉक्टर ने देखा। दवा दी। फिर बोले, ''लगता है, यह किसी बात से परेशान है। यह 'घंटी-घंटी' क्यों चिल्ला रहा है?''

''डॉक्टर, मैं इसे सुबह उठाने के लिए अलार्म लगाती हूँ। यह उठना नहीं चाहता। इसे घंटियों से ही न जाने क्यों चिढ़ हो गई है। सुबह दूधवाला घंटी बजाता है, तब भी रामू पर बिगड़ता है कि दूधवाले से पहले ही जाकर दूध क्यों नहीं ले लिया। बताइए डॉक्टर, भला घंटी भी कोई ऐसी चीज़ है जिससे चिढ़ा जाए?'' दीदी ने कहा।

डॉक्टर गंभीर होकर कुछ सोचते रहे। इस बीच प्रकाश उसी तरह बड़बड़ाता रहा। डॉक्टर उठे और पिताजी को बाहर ले गए। पता नहीं क्या बातें कीं।

प्रकाश का बुखार उतरा, तो पिताजी ने कहा, ''बेटे, आज स्कूल मत जाना, हम लोग शाम को कहीं बाहर चलेंगे।''

©KTBS Not to be republished

और शाम की गाड़ी से सभी लोग शिमला चले गए। उन्होंने एक ऐसा बंगला लिया, जो बिल्कुल शहर के किनारे पर था। बिल्कुल सुनसान, कहीं कोई आवाज़ नहीं, दिन-भर, रात-भर सब उसीमें रहे।

प्रकाश यहाँ एक हफ्ते में ही ऊब गया। सभी बातों का क्रम बिगड़ गया था। कभी शाम को ही खाना हो जाता, कभी देर रात तक बातें होती रहतीं। पिताजी जान-बूझकर कलाई-घड़ी घर पर छोड़ आए थे। कुछ समझ में ही नहीं आता था कि कब कितना बजा है। प्रकाश को लगने लगा कि वह जैसे ढीला हो गया है और सब कुछ बेवक्त करता है।

आखिर तंग आकर एक दिन वह बोला, ''यहाँ से चलिए, पिताजी, मन नहीं लगता। कब क्या करूँ, कुछ समझ में नहीं आता!''

पिताजी मुस्कराए। बोले,''तबीयत तो ठीक है?''

''हाँ,'' प्रकाश ने कहा, ''पर लगता है अगर ऐसे ही रहा, तो फिर बीमार हो जाऊँगा। यहाँ तो कुछ काम ही नहीं है।''

''इसीलिए आदमी के लिए यह बहुत ज़रूरी है कि वक्त की कीमत को पहचाने। कब क्या करना चाहिए, कितनी देर में करना चाहिए, यह जानना बहुत ज़रूरी है। अगर आदमी यह जानना बंद कर दे, तो उसकी ज़िंदगी का कोई ठिकाना नहीं कि वह कब क्या करेगा। छोटी-छोटी चिड़ियों को देखो, वे भी समय से उठती और सोती हैं। आदमी ने अपने समय का हिसाब रखने के लिए घड़ियाँ बनाई हैं और समय से सजग रहने के लिए घंटी बजती है। जो तुम्हें चेतावनी दे, सजग बनाए, उससे चिढ़ना कैसा? अगर तुम नहीं चाहते, तो तुम उसे मिटा सकते हो, पर यह तो सोच लो कि क्या उसके बिना तुम रह सकते हो?'' पिताजी ने समझाया।

प्रकाश ने उत्तर में मुस्करा दिया। बोला, ''पिताजी, अब मैं खुश हूँ। मेरी तबीयत भी अच्छी है। चलिए घर चलें, वरना पढ़ाई का बहुत नुकसान होगा।''

©KTBS Not to be republished

और प्रकाश लौट आया। घंटियाँ पहले जैसी ही बजती रहीं, पर प्रकाश अब उनसे चिढ़ता नहीं, खुश होता है - यह सोचकर कि वे उसे पढ़ने के लिए कहती हैं, वे उसे लेट होने से बचाती हैं।

****

**शब्दार्थ:**

इर्द-गिर्द - आस-पास, चारों ओर; उचट जाना-अलग होना, चिहुँकना-चौंकना, उखाड़ना-छिन्न-भिन्न करना, निकाल फेंकना; झुंझलाना - चिढ़-चिढ़ाना, दीवाल-दीवार, आघात-धक्का,चोट; तिलमिलाना-चकाचौंध होना, मस्तिष्क-भेजा, दिमाग; परेशान-चिंतित होना, बड़बड़ाना-व्यर्थ की बात करना, सुनसान-निर्जन, सन्नाटा, उजड़ा; बेवक्त-असमय, चेतावनी-सावधान करना, तबीयत-स्वास्थ्य, नुकसान-हानि, चिढ़ना-बुरा मानना, क्रोधित होना।

## अभ्यास

**I. प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. प्रकाश को मजबूर होकर सुबह क्यों उठना पड़ता था?

२. पिताजी ने प्रातःकाल कौन-सा जाप शुरू कर दिया?

३. घर वापस जाते समय प्रकाश ने क्या देखा?

४. प्रकाश को किस वस्तु से चिढ़ हो गई थी ?

५. पिताजी ने प्रकाश को क्या समझाया?

**II. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो:**

१. किसकी नींद उचट चुकी थी?

२. कमरे के बाहर दीवार पर क्या लगी थी?

३. प्रकाश किस चीज़ से चिढ़ रहा था?

४. मुँह अंधेरे उठकर नदी-स्नान के लिए कौन चले जाते हैं?

©KTBS Not to be republished

५. खाना खाकर प्रकाश क्या इकट्ठा करने लगा?

६. जब प्रकाश साइकिल पर सवार होकर चलने लगा तो कौन सामने आया?

७. भटनागर जी के हाथ में किस प्रकार की घंटी थी?

८. भटनागर जी किसकी जानकारी देते रहे?

९. घर वापस जाते समय प्रकाश ने क्या महसूस किया?

१०. किसने प्रकाश को बिस्तर पर लिटा दिया?

११. तेज बुखार में प्रकाश क्या कर रहा था?

१२. डॉक्टर ने दवा देकर क्या कहा?

**III. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो:**

१. प्रकाश मन ही मन अपनी दीदी को कैसे कोसने लगा?

२. पिताजी प्रात:काल क्या-क्या करते हैं?

३. जब कॉल बेल बज उठी तो प्रकाश ने क्या-क्या सोचा?

४. कक्षा में प्रकाश अपना माथा पकड़े बैठा था। क्यों?

५. गाँववाले ने प्रकाश से घंटी के बारे में क्या कहा?

**IV. वाक्य में प्रयोग करो:**

१. हाथ धोकर पीछे पड़ना -

२. सुधबुध खो बैठना -

३. मुँह नोचना -

**V. अनेकार्थ शब्दों का प्रयोग:**

घर पहुँचा, तो उसकी आँखें बुरी तरह <u>जल</u> रही थीं।

यहाँ <u>जल</u> का अर्थ है जलना।

इसी तरह <u>जल</u> का अर्थ पानी भी होता है।

जैसे-वह <u>जल</u> भर कर लाया ।

©KTBS Not to be republished

नीचे कुछ शब्द दिये गये हैं। इन शब्दों से एक-एक वाक्य बनाओ, लेकिन दोनों बार उस शब्द का अर्थ अलग होना चाहिए।

१. हार -

२. फल -

३. मगर -

४. उत्तर -

**VI. द्विरुक्ति शब्दों का प्रयोगः**

वह धीरे-धीरे घर की ओर चला।

यहाँ 'धीरे' शब्द का दो बार प्रयोग किया गया है। ऐसे ही और कुछ शब्द नीचे दिये गये हैं। उनसे वाक्य बनाओः

१. चलते-चलते -

२. पीछे-पीछे -

३. आगे-आगे -

**VII. कोई और शीर्षक :**

इस कहानी का नाम घंटियाँ क्यों है?

तुम इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे? लिखो।

१.

२.

**योग्यता विस्तार :**

- 'समय की पहचान' - इस विषय के बारे में अपने दोस्तों के साथ चर्चा करो और उसके महत्व को जानो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १२

## जनसंचार माध्यम

**- संकलित**

**बच्चे जनसंचार माध्यम के विभिन्न साधनों और उनकी उपयोगिता से परिचित होते हैं।**

वैज्ञानिकों ने अद्‌भुत साधनों का आविष्कार किया है। इन साधनों से हमें अनेक लाभ होते हैं। हम कुछ ही मिनटों में अनेक घंटों के काम-काज कर लेते हैं।

### रेडियो



२४ दिसंबर १९०६ की शाम को सबसे पहले रेडियो का प्रसारण आरंभ हुआ। रेगिनाल्ड फेसेंडन ने इस प्रसारण के लिए वायलिन बजाया। इसे अटलांटिक महासागर के जहाजों के लोगों ने सुना। इससे पहले जगदीशचंद्र बोस और इटली के मार्कोनी ने ई. १९०० में इंग्लैंड से अमरीका तक बेतार यंत्र से अपने संदेशों को भेजा था। इसके उपरांत दो वैज्ञानिकों ने और भी काम किया। इनका नाम है 'लीद फोरेस्ट' और 'चार्ल्स हेराल्ड'।

ई. १९१८ में लीद फोरेस्ट ने न्यूयार्क के हाईब्रिज नामक जगह पर रेडियो स्टेशन की स्थापना की। कुछ ही सालों में रेडियो स्टेशन दुनिया भर में खुल गये। नवंबर १९४१ को सुभाषचंद्र बोस ने रेडियो से भारत को संबोधित किया। ई. १९३६ में भारत इंपीरियल रेडियो ऑफ इंडिया नामक स्टेशन शुरू हुआ। आगे चलकर यही स्टेशन ऑल इंडिया रेडियो बन गया। आजकल रेडियो स्टेशन को आकाशवाणी कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

# मुद्रण

आजकल छपाई का व्यापक उपयोग हो रहा है। कहा जाता है कि इस तकनीकी का जन्म पूर्वी एशिया में हुआ। कागज़ और कपड़े पर छपाई करने की कोशिशें हुईं। चीन देश के 'हान' नायक राजवंशजों ने कागज़ पर छपाई का आरंभ किया। सातवीं शती तक मुद्रण का उदाहरण चीन का ही मिलता है। नौवीं और दसवीं शती तक इस तकनीकी की वृद्धि हुई।

ई. १३०० में यूरोप में कपड़ों पर छपाई हो रही थी। इसे धार्मिक कारणों के लिए किया जाता था। ई. १४०० तक कागज़ का संशोधन हुआ था। उस पर मुद्रण आसानी से होने लगा। ई. १४२५ तक इसका बहुमुखी विकास हुआ। समाचार पत्र, पत्रिकाएँ इस माध्यम के प्रमुख अंग हैं।

# टेलीविज़न



जान लोगी बेयर्ड ने ई. १९२४ में टेलीविज़न का आविष्कार किया। यह स्काटलाइंड देश का निवासी था। इसने ई. १९२५ में मनुष्य की मुखाकृतियों का प्रसारण किया। टेलीविज़न अत्यंत रोचक साधन है। यह दुनिया भर के किसी भी वस्तु, व्यक्ति या जगह को हू-ब-हू दिखाता है। सबसे पहले काले-सफ़ेद रंगों में सभी कार्यक्रम प्रसारित होते थे। आजकल विभिन्न रंगों में प्रसारित हो रहे हैं। यह चित्रों सहित ध्वनियों को भी प्रसारित करता है।

भारत में टेलीविज़न का प्रसारण ई. १९२९ सितंबर १५ को हुआ। इन दिनों यह व्यापार का सशक्त साधन बन गया है। मनोरंजन टेलीविज़न का प्रधान कार्य है। 'टेली' का अर्थ है 'दूर'।

©KTBS Not to be republished

'विज़न' का अर्थ है 'दृष्टि'। इसके द्वारा हज़ारों मील दूरी पर स्थित दृश्यों को देखते-देखते विवरण को भी सुन सकते हैं।

## कंप्यूटर



कंप्यूटर एक अद्‌भुत मशीन है। यह इलेक्ट्रॉनिक मशीन है। इसमें बहुत ही शीघ्र गणितीय काम कर सकते हैं। किसी भी विचार को तर्क संगत पा सकते हैं और जाँच-पड़ताल भी कर सकते हैं। यह कंप्यूटर विचारों को अपने स्मृति-भंडार (Memory) में रख लेता है। हम अपनी आवश्यकता के अनुसार इसका उपयोग कर सकते हैं।

इसका दिमाग है सी.पी.यू.। इसे कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट कहते हैं। चार्ल्स बाबज ने इसका निर्माण किया। सबसे पहले यह कंप्यूटर बड़े कमरे की तरह था। आजकल यह मोबइल जैसे अत्यंत छोटे रूप में भी प्राप्त होता है।

## इंटरनेट

इंटरनेट को नेट भी कहते हैं। दुनिया के सभी कंप्यूटरों से यह इंटरनेट आपस में संपर्क करा सकता है। दुनिया भर के देशों में हम इसके द्वारा विचारों को भिजवा सकते हैं। यू.एस.ए. में 'एडवान्स रीसर्च प्राजेक्ट एजेन्सी' है। इस संस्था ने ई. १९६९ में इंटरनेट का आविष्कार किया।

आजकल करोड़ों लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। इससे किसी भी व्यक्ति, वस्तु, जगह, नदी, पर्वत, समुंदर के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित पता कंप्यूटर की स्क्रीन पर दिखता है, जिस पर क्लिक करने से वह पेज खुल जाता है। इसे 'वेब ब्रौसिंग' कहते हैं। 'ब्रौस' का अर्थ है 'ढूँढ़ना'।

Not to be republished ©KTBS

‘ई-मेल’ इलेक्ट्रॉनिक मेल है। मेल का अर्थ है ‘डाक’। किसी भी देश में बैठकर ई-मेल भेज सकते हैं। यह इंटरनेट का प्रमुख भाग है।

## मोबाइल फोन

मोबाइल फोन को सेलफोन, सेल्युलर फोन अथवा हैंडफोन कहते हैं। इसे सेल्युलर नेटवर्क से चलाया जाता है। इस फोन का आविष्कार ‘मार्टिन कूपर’ ने किया।




सर्वप्रथम मोबाइल फोन से ई. १९४६ जून १७ को कॉल किया गया। यह कॉल ‘सेंट लूयिस’ और ‘मिस्सूरी’ के बीच हुआ। यह जगह यू.एस.ए. में है। घर में बैठ-बैठे लोगों ने आपस में बातें की। इस फोन के अनेक उपयोग हैं। इसमें फोटो खींचे जाते हैं, वीडियो बातें होती हैं, सीधे ई-मेल भेज सकते हैं और प्राप्त भी कर सकते हैं; रेडियो भी सुन सकते हैं। इस फोन में आजकल और भी अनेक सुविधाएँ हैं।

****

**शब्दार्थ:**

बेतार-जिसमें तार न हो, छपाई-मुद्रण, शती-एक सौ वर्ष का समय, आविष्कार-खोज, आसानी-बिना कष्ट के, आपस में-एक दूसरे से, परस्पर।

### अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखो:**

१. रेडियो प्रसारण का आरंभ कब हुआ?

२. किन्होंने बेतार यंत्र से इंग्लैंड से अमरीका तक संदेश भेजा था?

© KTBS Not to be republished

३. मुद्रण तकनीकी का जन्म कहाँ हुआ था?
४. ई. १३०० में किस पर छपाई हो रही थी?
५. टेलीविज़न का आविष्कार किसने किया?
६. सबसे पहले टेलीविज़न पर किन रंगों में प्रसारण हो रहा था?
७. भारत में टेलीविज़न का प्रसारण कब हुआ?
८. कंप्यूटर के दिमाग को क्या कहते हैं?
९. इंटरनेट का आविष्कार किसने किया?
१०. इंटरनेट क्या काम करता है?
११. 'ब्रौस' का अर्थ क्या है?
१२. सर्वप्रथम मोबाइल फोन से कब कॉल किया गया?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखो:**

१. भारत में रेडियो स्टेशन कब शुरू हुआ? आजकल इसे क्या कहते हैं?
२. चीन देश के किस राजवंशजों ने छपाई का प्रारंभ किया और कब तक मुद्रण का उदाहरण मिलता है?
३. यूरोप में किन कारणों से छपाई हो रही थी और इसका कहाँ तक विकास हुआ?
४. जान लोगी बेयर्ड किस देश का निवासी था? इसने टेलीविज़न से किसका प्रसारण किया?
५. टेली और विज़न का क्या अर्थ है? टेलीविज़न का क्या उपयोग है?
६. कंप्यूटर से क्या-क्या काम कर सकते हैं?
७. इंटरनेट के उपयोग के बारे में लिखो।

©KTBS Not to be republished

८. मोबाइल फोन का आविष्कार किसने किया? इसे कैसे चलाया जाता है?
९. मोबाइल फोन से क्या-क्या लाभ होते हैं?

**III. पत्र-पत्रिकाएँ :**

तुम प्रतिदिन दैनिक पत्रिकाओं को पढ़ते हो। इन्हें समाचार पत्र भी कहते हैं। पत्रिकाओं को पढ़ने से सामान्य जानकारी बढ़ती है। समाज, व्यक्ति, पुस्तकें, पेड़, पहाड़, पर्वत, पशु-पक्षियों के संबंध में लेख छपे होते हैं। बाल-साहित्य संबंधी कोई छोटी -सी कहानी पढ़ो और लिखो।

**IV. शब्द-युग्म**

देखते-देखते, चलते-चलते, इन शब्द-युग्मों को पढ़ो। इनका वाक्यों में प्रयोग करो:

**उदाहरण :**

**सुनते-सुनते**

**राम गाना सुनते-सुनते सो गया।**

१. बोलते-बोलते -
२. पढ़ते-पढ़ते -
३. लिखते-लिखते -
४. गाते-गाते -
५. खेलते-खेलते -

©KTBS Not to be republished

**V. विलोम शब्दों के जोड़े मिलाओ :**

| | | |
|---|---|---|
| १. लाभ | × | मृत्यु |
| २. बेतार | × | पास |
| ३. खुलना | × | तार |
| ४. जन्म | × | हानि |
| ५. दूर | × | बंद होना |

**VI. समाचार पत्र जनसंचार माध्यम का एक प्रमुख अंग है। तुम कौन-कौन-से समाचार पत्रों के नाम जानते हो? उनकी एक सूची बनाओ :**

| | **कन्नड** | **हिंदी** | **अंग्रेज़ी** |
|---|---|---|---|
| १. | विजयवाणी | राजस्थान पत्रिका | डेक्कन हेराल्ड |
| २. | ________ | ________ | ________ |
| ३. | ________ | ________ | ________ |
| ४. | ________ | ________ | ________ |
| ५. | ________ | ________ | ________ |

**VII. दूरदर्शन में तुम बहुत सारे कार्यक्रम देखते हो। उसके बारे में तीन-चार वाक्य लिखो।**

**योग्यता विस्तार:**

- कई ऐसी छोटी-छोटी पुस्तकें प्राप्त होती हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक चीज़ों का परिचय मिलता है। तुम अपने गुरुजनों से पूछो, पुस्तकें ले लो और मन लगाकर पढ़ो। अपनी जानकारी बढ़ाओ। कक्षा में इनकी चर्चा करो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

## पाठ - १३



# एक नन्हा टुकड़ा बादल का

-संकलित

**बादल नादान बच्चे जैसे लगते हैं। बारिश करके लोक को सुखमय बनाते हैं। बादल की नज़र में संसार के सभी लोग समान हैं। बच्चे इस समानता का भाव सीख सकते हैं।**



वह देखो नीले नभ पर,
ठुमक-ठुमककर चलता है,
एक भोले से बालक-सा,
रूठ-रूठ सँभलता है,
        एक नन्हा टुकड़ा बादल का।
हंस-गजों-सी चाल चले,
तो कभी थिरकाए पाँव,
पल भर में सूरज को ढक,
कर देता शीतल छाँव,
        एक नन्हा टुकड़ा बादल का।

©KTBS Not to be republished

वह चाहे जिस ओर मुड़े,
राहें तो पहचानी हैं,
उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम,
सभी दिशा का ज्ञानी है,
एक नन्हा टुकड़ा बादल का।
अनगिन कोड़े सहता है,
चलती तेज हवाओं के,
फिर भी करता मनमानी,
बदले ढंग फ़िज़ाओं के,
एक नन्हा टुकड़ा बादल का।
कोने-कोने झूला झूले,
वह नभ पर पेंग बढ़ाए,
जब चाहें सूखा कर दे,
जब चाहें जल बरसाए,
एक नन्हा टुकड़ा बादल का।

****

**शब्दार्थ :**

नन्हा-छोटा, नादान; ठुमक-रुक रुककर,धीमी चाल; भोला-जिसमें छल-कपट न हो, मुग्ध; सँभलना-सावधान होना, ढकना-छिपाना, छाँव- छाया, कोड़े-चाबुक, फ़िज़ा-वसंत काल, पेंग-झूलने के समय झूले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. नीले नभ पर क्या चलता है?
२. बादल नीले नभ पर किस तरह चलता है?

©KTBS Not to be republished

३. बादल कैसे दिखता है?

४. बादल की चाल कैसी है?

५. शीतल छाँव कब होती है?

६. सूरज को कौन ढक लेता है?

७. किस पर हवा के कोड़े पड़ते हैं?

८. कोड़े खाकर भी बादल क्या करता है?

**II. सोचो और लिखो :**

१. बादल नीले नभ पर क्या-क्या करते हैं?

२. हंस-गजों-सा कौन चलता है और वह क्या-क्या करता है?

३. हवा से कोड़े खाकर बादल क्या करता है?

**III. नमूने के अनुसार जोड़े बनाओ और समझो :**

| **अ** | **आ** |
|---|---|
| वह देखो | पेंग बढ़ाए |
| पल भर में | सूखा कर दे |
| उत्तर-दक्षिण | सहता है |
| अनगिन कोड़े | पूरब-पश्चिम |
| जब चाहें | सूरज को ढक |
| वह नभ पर | नीले नभ पर |

**IV. कविता से तुकवाले शब्दों को ढूँढ़कर लिखो :**

**जैसे : चलता - सँभलता**

१. पाँव - __________


२. पहचानी - __________

३. हवाओं के - __________

४. बढ़ाए - __________

©KTBS Not to be republished

**V. दिशाओं को सूचित करो :**




**VI. अलग-अलग आकार के बादलों के चित्र बनाओ :**

**योग्यता विस्तार :**

- तुमने सुना होगा, 'सूरज' से संबधित कविता होती है, पेड़-पौधों की कविता होती है। तुम अपने गुरुजन, माता-पिता, दादा-दादी से सूरज, पेड़-पौधे, नदी, सागर, पशु-पक्षी के बारे में कहानी सुनो। पढ़ने को पुस्तकें भी मिलती हैं, पढ़ लो। एक कहानी कक्षा में सुनाओ।


©KTBS Not to be republished

पाठ - १४


# पहिए की आत्मकथा

- संकलित

**बच्चे पहिए की कहानी और उसके विकास के बारे में समझ सकते हैं।**




आप सभी मुझसे अच्छी तरह परिचित हैं। मेरा उपयोग लगभग सभी छोटी-बड़ी मशीनों में किया जाता है। घूमना ही मेरा काम है। क्या तुम मेरा नाम बता सकते हो? नहीं। चलो, मैं ही बता देता हूँ। मैं हूँ 'पहिया'। क्या तुम मेरे जन्म की कहानी जानते हो? आज मैं तुम्हें अपने जन्म की कहानी सुनाता हूँ। ज़रा ध्यान से सुनना।




मेरा जन्म आज से सैकड़ों-हज़ारों वर्ष पूर्व हुआ था। उस समय मनुष्य जंगल में रहता था तथा आदिमानव कहलाता था। आदिमानव एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा पैदल ही तय करता था। उसे भारी सामान लाने-ले जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

Not to be republished ©KTBS



धीरे-धीरे आदिमानव ने अपने अनुभव से सीखा कि गोल वस्तुएँ आसानी से लुढ़कती हैं। उसने लकड़ी के लट्ठों को भी धरती पर सरलता से लुढ़कते हुए देखा। उसने अपनी बुद्धि का प्रयोग किया और लकड़ी के लट्ठों को काटकर मुझे जन्म दिया। यही है मेरे जन्म की संक्षिप्त कहानी।



©KTBS Not to be republished

धीरे-धीरे मनुष्य ने मेरे रूप व आकार में अपनी आवश्यकतानुसार परिवर्तन किए। मेरी सहायता से यातायात के विभिन्न साधनों को चलाया जाने लगा। बैलगाड़ी, घोड़ागाड़ी, साइकिल, रिक्शा, मोटर साइकिल, कार, बस, रेलगाड़ी, यहाँ तक कि हवाईजहाज तथा जलयानों में भी मेरा उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जाता है। क्या मेरे बिना ये सब चल सकते हैं?



अधिकांश बड़ी-बड़ी तथा छोटी-छोटी मशीनों में भी मेरा उपयोग किया जाता है। जैसे-जैसे मेरे स्वरूप में परिवर्तन होता गया, वैसे-वैसे मनुष्य भी विकसित होता गया। जंगल में रहनेवाला मनुष्य सभ्य होता गया।

अब आप सोच रहे होंगे कि मैंने आपको यह नहीं बताया कि मेरा जन्म कहाँ और किस देश में हुआ? यह एक रहस्य है। इसका तो ठीक-ठीक ज्ञान मुझको भी नहीं। मैंने जबसे जन्म लिया है, तबसे

©KTBS
Not to be republished

लगातार चलता ही जा रहा हूँ, घूमता ही जा रहा हूँ और मनुष्य भी लगातार घूम रहा है, आगे बढ़ रहा है, प्रगति कर रहा है।

ज़रा विचार कीजिए यदि मैं न होता तो क्या होता?

****

**शब्दार्थ :**

आसान-सुगम, बिना कठिनाई के ; परिवर्तन-बदलाव, रहस्य-गुप्त, राज़; मशीन-यंत्र, यातायात-परिवहन।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. पहिए का उपयोग कहाँ किया जाता है?

२. जब मनुष्य जंगल में रहता था तब वह क्या कहलाता था?

३. कौन-सी वस्तुएँ आसानी से लुढ़कती हैं?

**II. सोचो और लिखो:**

१. पहिए का जन्म किस तरह हुआ?

२. पहिए के उपयोग के बारे में लिखो।

३. यदि पहिया नहीं होता तो क्या होता? अपने शब्दों में लिखो।

४. आदिमानव कहाँ रहता था?

५. छोटी-बड़ी मशीनों में किसका उपयोग करते हैं?

६. पहिए किससे बनते हैं?

७. पहिए का उपयोग करनेवाले यातायात के विभिन्न साधनों के नाम लिखो।

©KTBS Not to be republished

**III. वर्ग पहेली में से ढूँढ़कर पाँच यातायात के विभिन्न साधनों के नाम लिखो:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बै | स | रि | क |
| ब | ल | गा | ड़ी |
| क्शा | का | ड़ा | र |
| रे | घो | ज | ह |

१. ______________

२. ______________

३. ______________

४. ______________

५. ______________

**IV. नमूने के अनुसार विलोम शब्द जोड़ो:**

| | |
|---|---|
| १. अच्छा | अज्ञान |
| २. छोटा | कठिनता |
| ३. आसान | बुरा |
| ४. सरलता | बड़ा |
| ५. ज्ञान | मुश्किल |

**V. नमूने के अनुसार बहुवचन रूप लिखो :**

**लकड़ी** — **लकड़ियाँ**

१. कहानी ______________

२. लड़की ______________

३. टोपी ______________

**VI. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरो :**

(जंगल, आसानी, लकड़ी, मशीनों)

१. गोल वस्तुएँ __________ से लुढ़कती हैं।

२. मनुष्य __________ में रहता था।

© KTBS Not to be republished

३. __________ के लट्ठों को काटकर पहिए को जन्म दिया।

४. पहिए का उपयोग छोटी-बड़ी _____ में किया जाता है।

**VII. इस गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो:**

चक्र का हमारे देश में बड़ा महत्व है। सूर्य भगवान के रथ का एक ही चक्र है। भगवान विष्णु के हाथ में चक्र है, उसे सुदर्शन चक्र कहते हैं। उसकी पूजा होती है। भगवान बुद्ध ने धर्मोपदेश देना शुरू किया। उसे हम धर्मचक्र प्रवर्तन कहते हैं। अनेक राजाओं पर जिसका शासन चक्र चलता है, उसे हम चक्रवर्ती कहते हैं। महाभारत में कीचड़ से रथ का चक्र निकालते समय कर्ण मारा गया। द्रोण ने चक्रव्यूह रचा था, जिसे सिर्फ अर्जुन तोड़ सकता था। हमारे राष्ट्रपिता के प्रिय चरखे में भी चक्र है। हमारे राष्ट्रध्वज में अशोक चक्र है। इस तरह भारत के इतिहास में चक्र का बड़ा महत्व है।

**प्रश्न :**

१. भगवान विष्णु के हाथ में जो चक्र है, उसका नाम क्या है?

२. हमारे राष्ट्रपिता की प्रिय चीज़ कौन-सी है?

३. हमारे राष्ट्रध्वज में कौन-सा चक्र है?

४. महाभारत में कर्ण को कब मारा गया?

५. द्रोण ने क्या रचा था? कौन इसे तोड़ सकता था?

**योग्यता विस्तार:**

- 'रोबोट' एक मशीन है। क्या तुम इसके बारे में जानते हो? एक 'रोबोट' का चित्र बनाओ।
- विविध प्रकार के वाहनों के चित्र इकट्ठा करो।
- पहिए का चित्र बनाकर उसमें रंग भरो।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished


# पाठ - १५

# आग की लपटों में

-संकलित

**बच्चों में साहस की कहानियों द्वारा द्‌वेष को मिटाकर पारस्परिक सहायता तथा एकता की भावना बढ़ाना इस पाठ का आशय है।**

स्कूल के वार्षिक उत्सव के सिलसिले में हुए खेलों में रतन का प्रथम आना सभी को अच्छा लगा, लेकिन सखाराम ने तो जैसे रतन से दुश्मनी ही ठान ली। उसे रतन का प्रथम आना इसलिए बुरा लगा कि वह मुखिया का लड़का होकर खेल में बाजी हार गया और एक मामूली बुढ़िया का लड़का नाम कमा रहा है।



उस दिन बड़ी धूम-धाम से स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। रतन को कई पुरस्कार मिले। लेकिन सखाराम उसको घूर-घूरकर देखता रहा। रतन के दोस्त चंदू ने कहा, ‘‘यार, आज यह सखाराम तुमसे चिढ़ा हुआ है।’’

‘‘नहीं, वह तो मेरा अच्छा मित्र है।’’

‘‘ जो भी हो, लेकिन मुझे तो दाल में कुछ काला नज़र आता है’’ - चंदू ने कहा।

रतन ने चंदू की बात पर ध्यान नहीं दिया। जब समारोह समाप्त हो गया, तो रतन हाथों में पुरस्कार लेकर खुशी-खुशी घर की ओर चला।


Not to be Republished ©KTBS



रतन अकेला चला जा रहा था। अभी वह आम के पेड़ के पास पहुँचा ही था कि सखाराम और उसके तीन साथी उस पर से कूदकर रतन के सामने आकर खड़े हो गए। रतन ने कहा, ''क्यों सखाराम, तुम मुझसे नाराज़....'' और उसके गाल पर तड़ाक से सखाराम का चांटा पड़ा। फिर तो लात-घूंसों की खूब वर्षा हुई। इसके बाद पुरस्कार में मिली सारी चीज़ें लेकर वे लोग भाग गए। जाते-जाते सखाराम ने कहा, ''कंगाल का बेटा, साहूकार बनने चला है.... थू...।'' रतन अपनी फटी कमीज़ को ठीक करके धूल झाड़ते हुए उठा और चुपचाप घर चला आया। माँ ने उसका यह हाल देखा, तो लगी पूछताछ करने। रतन ने असली बात छिपाते हुए कहा, ''आज स्कूल में दंगल हुआ था न, बस उसी में कमीज़ फट गई।''

लेकिन रतन सारी रात सो न सका। उसका बदन दर्द से बुरी तरह दुख रहा था। अचानक उसे कुछ शोर सुनाई दिया। वह चौकन्ना हुआ। ध्यान से सुना तो लगा कि कुछ गड़बड़ ज़रूर है। आधी रात को भला ऐसा क्या हो सकता है? वह तुरंत उठा और बाहर आया। उसने देखा कि गाँव के मुखिया चौधरी हरभजन सिंह का मकान धू-धू जल रहा है। लोग अपने-अपने घरों से पानी की बालटियाँ लेकर जा रहे हैं । रतन ने एक पल की भी देर न की और अपनी बालटी उठाकर वह भी भागा।

©KTBS
Not to be republished



सारा गाँव इकट्ठा हो गया था। बालटियों से पानी डाला जा रहा था और आग काबू में नहीं आ रही थी। आग रसोईघर की ओर से लगी थी और पूरे घर में फैलती जा रही थी। उसने देखा कि चौधरी हरभजन सिंह छाती पीट-पीटकर रो रहे हैं लेकिन कोई चौधरी की बात नहीं सुन रहा है। शोर और घबराहट से लोग एक-दूसरे की बात सुन ही न रहे थे। चौधरी कह रहे थे- ''मेरी छोटी बिटिया अंदर रह गई है, कोई उसे निकाल लो।'' भला आग की लपटों में कूदकर अपनी जान जोखिम में कौन डालता? पर रतन यह कैसे देख सकता था। वह जलते हुए घर की ओर बढ़ा । लोगों ने चिल्लाया, ''मत जाओ रतन, आग बहुत तेजी से बढ़ रही है।'' लेकिन रतन तो उन लपटों की रोशनी में बिजली की तरह चमका और लपटों में खो गया। लोग उसकी मूर्खता पर उसे भला-बुरा कहने लगे।

अब सभी को एक नयी चिंता हुई कि रतन वापस आता है या नहीं! किसीने कहा, ''बेचारी बूढ़ी रो-रोकर मर जाएगी।''

''हाँ जी, वह तो उसके लिए सहारे की लाठी था। अब भला इन लपटों से बचकर क्या वापस आएगा।''

Not to be republished ©KTBS

और तभी कोई चिल्लाया, ‘‘वह रहा रतन, वह रहा...।’’ रतन ने चौधरी की एक साल की बेटी को कपड़े में लपेटकर सीने से चिपका लिया था और दूसरे हाथ से अपना बचाव करता हुआ बाहर निकल आया। वह कई जगह मामूली तौर पर जल भी गया था। पसीने से उसका बुरा हाल हो रहा था। लेकिन फिर भी उसके चेहरे पर मुस्कान थी, क्योंकि चौधरी की बेटी को वह सही सलामत ले आया था।

चौधरी ने रतन को सीने से लगा लिया। रतन के साहस पर लोग उसे आँखें फाड़-फाड़कर देख रहे थे। किंतु सखाराम आँखें झुकाए सिर नीचा किए खड़ा था और रतन उसे समझा रहा था।

****

**शब्दार्थ :**

सिलसिला-घटना क्रम, धूम-धाम-आडंबर, उल्लासपूर्ण चहल-पहल; पुरस्कार-इनाम, घबराहट-भय, चौकन्ना-सतर्क, ठान लेना - निश्चय करना।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. वार्षिक उत्सव के खेलों में कौन प्रथम आया ?

२. सखाराम रतन को घूर-घूरकर क्यों देखता रहा?

३. किसका मकान जल रहा था?

४. चौधरी हरभजन सिंह क्यों रो रहे थे?

५. क्या सखाराम रतन का अच्छा दोस्त था?

६. किसीके घर में आग लगी तो हमें क्या करना चाहिए?

©KTBS Not to be republished

**II. सोचो और लिखो:**

१. सखाराम ने रतन के साथ क्या किया?

२. रतन ने माँ से क्या कहा ?

३. आग किस तरफ फैल गयी?

४. चौधरी ने रतन को सीने से लगा लिया। क्यों?

५. अंत में सखाराम का हाल कैसा था?

६. रतन का प्रथम आना सखाराम को बुरा क्यों लगा?

७. आग कहाँ से लगी थी?

८. लोगों ने रतन से क्या कहा?

९. रतन ने हरभजन सिंह की बेटी की रक्षा कैसे की?

१०. इस पाठ से क्या सीख मिलती है?

**शब्दार्थ और शब्द रचना:**

**III. समान अर्थवाले शब्दों का मिलान करो:**

| | |
|---|---|
| १. प्रिय | इनाम |
| २. पुरस्कार | प्यारा |
| ३. दुश्मन | नाराज़ होना |
| ४. चिढ़ना | आधार |
| ५. सहारा | शत्रु |

**IV. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरो:**

(पुरस्कार, धूम-धाम, आग, रतन, मकान)

१. स्कूल में वार्षिक उत्सव __________ से मनाया गया।

©KTBS Not to be republished

२. रतन हाथों में __________ लेकर खुशी से घर की ओर चला।

३. चौधरी हरभजन सिंह का __________ धू-धू जल रहा है।

४. __________ काबू में नहीं आ रही थी।

५. चौधरी ने __________ को सीने से लगा लिया।

**V. नमूने के अनुसार विलोम शब्द जोड़ो:**

| | |
|---|---|
| १. बड़ा | जीत |
| २. दुश्मन | बुरा |
| ३. अच्छा | दोस्त |
| ४. हार | छोटा |
| ५. रोना | अन्दर |
| ६. बाहर | हँसना |

**VI. पहचानो :**

**द्विरुक्ति शब्दों को ढूँढ़कर लिखो:**

**उदाहरण : खुशी -खुशी**

१. पीट -

२. फाड़ -

३. रो -

४. धू -

©KTBS Not to be republished

## VII. समझो और याद रखो:

१. परोपकार जीवन का मूल मंत्र है।

२. दूसरों की मदद करने से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।

३. सच्चरित्र व्यक्ति ही 'सादा जीवन उच्च विचार' में विश्वास रखता है।

४. समाज में समानता होनी चाहिए।

५. संतोष सभी धनों से श्रेष्ठ धन है।

## योग्यता विस्तार :

- मान लो अपने घर के पास एक झोंपडी में आग लग गयी है, उसे बुझाने के लिए तुम्हें किन-किन चीज़ों की ज़रूरत होगी? सूची बनाओ।
- कोई आग से जल गया है, तो हमें क्या करना चाहिए? लिखो।
- क्या तुम अग्निशामक दल को जानते हो? कब इसका इस्तेमाल करते हैं? इसका फोन नंबर जानकर लिखो।
- आपको 'आग की लपटों में' पाठ में किसका गुण सबसे अच्छा लगा? तुम्हारे स्कूल में रतन जैसा दोस्त हो तो उसके बारे में पाँच वाक्य लिखो।

☺☺☺☺☺☺

© KTBS Not to be republished

# पाठ - १६

## कबीर के दोहे

**बच्चे इन दोहों के द्वारा गुरु, ज्ञान और संतोष के महत्व को समझ सकते हैं।**

सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार।
लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावणहार ।। १।।


जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार की, पड़ा रहन दो म्यान ।।२।।

गोधन गजधन बाजिधन और रतनधन खान।
जब आवे सन्तोषधन, सब धन धूरि समान ।।३।।

यह तन विष की बेलरी, गुरु अमृत की खान।
सीस दिये जो गुरु मिलै, तो भी सस्ता जान ।।४।।

****

**कवि परिचय :**



हिंदी साहित्य के भक्तिकाल की निर्गुण काव्यधारा की ज्ञानमार्गी शाखा के प्रवर्तक संत कवि कबीरदास का जन्म सन् १३९८ ई. के लगभग हुआ था। उनका जन्मस्थान काशी बताया जाता है। कबीर रूढ़ियों के विरोधी थे। वे अंधविश्वासों, आड़ंबरों और पाखंड़ों को किंचित् मात्र भी सहन नहीं कर पाते थे। जीवन और जगत की यथार्थता को उन्होंने करीब से देखा था और उसका बेबाक चित्रण

©KTBS Not to be republished

किया। उनके जीवन का अधिकांश समय काशी में ही बीता। सन् १४९५ ई. के लगभग उस अद्भुत संत ने इस लोक से महाप्रयाण किया। उन्होंने हिंदू और मुसलमान दोनों को अंधविश्वास और बुराइयों से दूर रहने, आपस में मिल-जुलकर प्रेम से रहने की सीख दी है।

कबीर की रचनाएँ 'बीजक' नाम से संकलित हैं। उसके तीन भाग हैं-साखी, सबद और रमैनी।

**शब्दार्थ :**

लोचन-नयन, उघड़ना-प्रकट होना, खुलना; अनंत-जिसका अंत न हो, गज - हाथी, धूरि-धूल, जान-प्राण, बाजि-घोड़ा, म्यान-तलवार रखने का कोष।

## अभ्यास

**I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :**

१. किसकी महिमा अनंत है?
२. गुरु की महिमा का वर्णन किस दोहे में है?
३. साधु से क्या नहीं पूछना चाहिए?
४. साधु से क्या पूछना चाहिए?
५. किस धन के सामने सब धन धूरि समान है?

**II. सोचो और लिखो:**

१. सतगुरु के बारे में कवि क्या कहते हैं?
२. तलवार कहाँ रखी जाती है?
३. कौन-कौन-सा धन धूरि समान है?
४. कबीरदास जी के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

©KTBS Not to be republished

**III. दोहे की पंक्तियाँ पूरा करो :**

१. जाति न पूछो ______________________।

______________________ दो म्यान।।

२. गोधन गजधन ______________________ ।

______________________ धूरि समान ।।

**IV. इन शब्दों को जोड़कर लिखो :**

| | |
|---|---|
| १. सतगुरु की → | साधु की |
| २. जाति न पूछो | महिमा अनंत |
| ३. गुरु | विष की बेलरी |
| ४. यह तन | अमृत की खान |

**V. दोहे का सार अपने शब्दों में लिखो :**

१. जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार की, पड़ा रहन दो म्यान।।

२. गोधन गजधन बाजिधन और रतनधन खान।
जब आवे सन्तोषधन, सब धन धूरि समान।।

**VI. वाक्य में प्रयोग करो :**

१. लोचन २. तलवार ३. संतोष ४. सस्ता

**योग्यता विस्तार :**

- कबीरदास जी के कुछ अन्य नीतिपरक दोहे याद करो और कक्षा में सुनाओ।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished

# कृष्ण - सुदामा

-संकलित

**इस एकांकी में बताया गया है कि मैत्री बड़ी चीज़ होती है। जहाँ दिल की सच्ची मैत्री बढ़ती है, वहाँ अमीरी-गरीबी का अंतर मिट जाता है। श्रीकृष्ण और सुदामा के बीच ऐसी ही गहरी मैत्री थी, जिसे आज भी लोग याद करते हैं। इस एकांकी के द्वारा बच्चे आपस में मैत्री-भावना बढ़ा सकते हैं।**

(१)

**(सुदामा का घर। सुदामा की पत्नी उनसे कुछ कह रही है।)**

पत्नी : अब मुझसे और नहीं सहा जाता। मैं बच्चों को भूख से तड़पता नहीं देख सकती। आपको द्वारिका जाना ही पड़ेगा। आपके मित्र श्रीकृष्ण हमारी सहायता अवश्य करेंगे।

सुदामा : क्या मैं श्रीकृष्ण के दरवाज़े पर जाकर हाथ फैलाऊँ?

पत्नी : मैं हाथ फैलाने के लिए नहीं कहती। आपके बिना कुछ कहे ही वे हमारी सहायता करेंगे। आखिर वे द्वारिका के राजा हैं।

सुदामा : हूँ! राजा हैं! राजा भला मेरे जैसे दरिद्र को पहचानेगा?

पत्नी : अवश्य, वे आपके सहपाठी और बाल-सखा जो ठहरे।

सुदामा : मुझे कोई उनके पास तक जाने देगा?

पत्नी : अवश्य, आप पहरेदार को केवल अपना नाम भर बता देना।


सुदामा : नाम बताने पर भी नहीं पहचाना तो?

पत्नी : तो मैं समझूँगी कि हमारे भाग्य ही फूटे हैं।

सुदामा : इसीलिए कहता हूँ, जैसे चल रहा है, चलने दो।

पत्नी : अभी तक तो वैसा ही चल रहा था। लेकिन अब इससे भी बुरा चलेगा। **(यह कहकर वह रो पड़ती है।)**

©KTBS Not to be republished



सुदामा : अच्छा, रोओ मत, तुम जैसा कहती हो, मैं वही करूँगा। पर.....

पत्नी : **(आँसू पोंछकर)** पर क्या? जाओगे कैसे, यही, न?

सुदामा : हाँ, पहली बार मित्र के घर जा रहा हूँ। खाली हाथ जाना क्या अच्छा लगेगा?

पत्नी : हाँ, अच्छा तो नहीं लगेगा, पर ....... **(कुछ सोचकर)** चिंता न करें, उसका भी प्रबंध हो जाएगा।

सुदामा : अच्छा, तुम सौगात का प्रबंध करो, मैं जाने की तैयारी करता हूँ। **(पत्नी उन्हें चावल की पोटली लाकर देती है)**

(२)

**(द्वारिका नगरी में सुदामा एक आलीशान महल के सामने पहुँचते हैं। महल के सामने एक पहरेदार है।)**

सुदामा : **(पहरेदार से)** भैया! क्या यही महाराज श्रीकृष्ण का महल है?


पहरेदार : हाँ, यही है। क्या बात है?

सुदामा : मुझे उनसे मिलना है।

पहरेदार : आपका क्या नाम बताऊँ?

©KTBS Not to be republished

सुदामा : उनसे कहना कि आपका सहपाठी सुदामा आया है।



**(पहरेदार जाकर श्रीकृष्ण को सूचित करता है। सुदामा का नाम सुनते ही वह नंगे पाँव दौड़कर दरवाज़े पर आते हैं। सुदामा से लिपटकर वह उन्हें महल में ले जाते हैं।)**

कृष्ण : **(सिंहासन दिखाकर)** मित्र सुदामा! यहाँ बैठो।


**(सुदामा के संकोच करने पर भी कृष्ण उन्हें आदरपूर्वक सिंहासन पर बैठा देते हैं। तभी रुक्मणी एक परात में पानी लेकर आती है। कृष्ण सुदामा के पैर धोने बैठ जाते हैं। सब लोग आश्चर्य से देखते हैं।)**

कृष्ण : **(पैर धोते-धोते)** मित्र! तुमने अपनी यह क्या दशा बना ली है? पैरों में इतने काँटे और बिवाइयाँ **(आँखों में आँसू आ जाते हैं)** मित्र ! तुम पहले ही यहाँ क्यों नहीं आ गए?

सुदामा : कई बार सोचा तो था, पर क्या बताऊँ मित्र.....

कृष्ण : तुम मेरे पास नहीं आए, इसके लिए मैं तुम्हें क्षमा नहीं करूँगा। **(पैर पोंछते-पोंछते)** अच्छा, यह तो बताओ, बच्चे और भाभी कुशल हैं?

Not to be republished ©KTBS



सुदामा : सब प्रभु की कृपा है। तुम्हारी भाभी तुम्हें बहुत याद करती है।

कृष्ण : मुझे याद करती हैं भाभी। तब तो उन्होंने मेरे लिए कुछ भेजा होगा?

**(कृष्ण की दृष्टि सुदामा की बगल में दबी पोटली पर पड़ती है।)**

सुदामा : **(संकोच से)** भेजा तो है पर .......... **(कृष्ण उनकी बगल से पोटली झपट लेते हैं।)**



कृष्ण : **(पोटली खोलकर)** अहा ! भाभी ने मेरे लिए चावल भेजे हैं।

©KTBS Not to be republished

**(एक मुट्ठी चावल लेकर मुँह में डालकर)** कितने स्वादिष्ट चावल हैं, मित्र! इतनी बढ़िया सौगात लाए हो और उसे छिपा रहे हो? पहले भी एक बार तुमने गुरु-पत्नी के चने मुझे नहीं दिए थे। **(तभी रुक्मणी आ जाती है।)**

रुक्मणी : **(सुदामा से)** आइए भैया, भोजन तैयार है। **(सब जाते हैं।)**

वाचक : सुदामा द्‌वारिका में कई दिन रुके रहे। जब-जब चलने को कहते, श्रीकृष्ण उन्हें रोक लेते। आखिर एक दिन उनसे विदा लेकर वे अपने गाँव को चल दिए। मार्ग में वे सोचते रहे कि श्रीकृष्ण ने आव-भगत और आदर-सत्कार तो बहुत किया, पर दिया कुछ भी नहीं। फिर सोचते, जब मैंने माँगा ही नहीं, तो उनका क्या दोष! किंतु जब वे अपने घर पहुँचे, तब उन्हें ज्ञात हुआ कि श्रीकृष्ण ने उन्हें बिना माँगे ही सब कुछ दे दिया है। झोंपड़ी के स्थान पर सुंदर महल और दास-दासियाँ सभी कुछ।

इस प्रकार श्रीकृष्ण ने मित्र को माँगने के नाम पर अपमानित होने से भी बचा लिया और सब कुछ दे भी दिया।

****

**शब्दार्थ :**

सहपाठी-कक्षा में साथ पढ़नेवाला, बाल-सखा - बाल्य काल का मित्र, फूटा-बिगड़ा, टूटा, फटा; प्रबंध-उपाय, व्यवस्था; सौगात-भेंट, उपहार; पोटली-छोटी गठरी, आलीशान-भव्य, विशाल; बिवाई-तलवे का चमड़ा फटना, लिपटना-आलिंगन करना, परात-बड़ा थाल, आव-भगत- स्वागत-सत्कार।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### I. इन प्रश्नों के उत्तर बताओ :

१. कौन भूख से तड़प रहे थे?

२. सुदामा का सहपाठी कौन था?

३. कौन रो पड़ती है?

४. खाली हाथ कृष्ण से मिलने कौन नहीं जाना चाहता था?

५. “हमारा भाग्य फूटा है” - किसने, किससे कहा?

६. सुदामा की पत्नी ने कृष्ण को देने के लिए क्या दिया?

७. आलीशान महल किस नगरी में था?

८. सुदामा से मिलने कृष्ण कैसे दौड़ कर आये?

९. कृष्ण सुदामा की बगल से क्या झपट लेते हैं?

१०. सुदामा की झोंपड़ी की जगह अब क्या था?

### II. सोचो और लिखो :

१. सुदामा की पत्नी क्यों रोती है? वह सुदामा को क्या सलाह देती है?

२. पैर धोते-धोते कृष्ण ने सुदामा से क्या कहा?

३. कृष्ण ने एक मुट्ठी चावल खाकर बड़े आनंद में सुदामा से क्या कहा?

©KTBS Not to be republished

**III. नमूने के अनुसार विलोम शब्द लिखो:**

**उदाहरण : ऊँचा × नीचा**

१. अमीरी ×

२. ज्ञात ×

३. सामने ×

४. बुरा ×

५. पास ×

६. बैठो ×

**IV. उदाहरण के अनुसार बहुवचन शब्द बनाओ:**

**उदाहरण : काँटा - काँटे**

१. लड़का -

२. आँख -

३. बच्चा -

४. याद -

**V. पुल्लिंग और स्त्रीलिंग :**

**उदाहरण पढ़ो और लिखो :**

**उदा : लड़का - लड़की**

१. भाई -

२. बच्चा -

३. माता -

४. बालक -

©KTBS Not to be republished

## VI. किसने कहा? किससे कहा?

१. मुझे कोई उनके पास तक जाने देगा?

२. आपका क्या नाम बताऊँ?

३. मुझे याद करती हैं भाभी?

## VII. वाक्य में प्रयोग करो :

१. सहायता

२. सहपाठी

३. प्रबंध करना

४. मुट्ठी

## VIII. तुम्हारे घरों में भी कई बार अतिथि आते हैं। अब तुम बताओ कि तुम और परिवार के लोग उनका आदर-सत्कार कैसे करते हो?

१. ____________________

२. ____________________

३. ____________________

४. ____________________

५. ____________________

## योग्यता विस्तार :

- तुम अपने मित्र की क्या-क्या सहायता करते हो? इसके बारे में दस वाक्य लिखो।
- पशु-पक्षी के साथ मानव की गहरी मैत्री होती है। बड़ों से पूछ-ताछ करो। इससे संबंधित छोटी-छोटी पुस्तकें मिलती हैं। पढ़ो और लिखो कि तुम्हें क्या लगता है।

☺☺☺☺☺☺

©KTBS Not to be republished